यदि थोड़े ही समयमें करने का भाव हो तो आषाढ़ के अन्तिम रविवार से बारह महीनों के ४८ रविवार कर पूर्ण करे।

इस व्रत की विधियाँ चार हैं

१—*उत्तम विधि*—प्रति रविवार को प्रोषधोपवास करना।
२—*दूसरी विधि*—आमिल (इमली-चावल) का भोजन लेना।
३—*तीसरी विधि*—एकलठाना (एक बार का परोसा भोजन) करना।
४—*चतुर्थ विधि*—एकाशन करना।

इस प्रकार जिस किसी विधि से व्रत करे। व्रत के दिन में पार्श्वनाथ अभिषेकपूर्वक पूजन करे। अवधि समाप्त होनेपर उद्यापन करे। उद्यापन की शक्ति न हो तो व्रत दूना करे।

'ओं ह्रीं श्रीं अर्हं चिन्तामणिपार्श्वनाथाय नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

यह व्रत बनारस नगरी में मतिसागर सेठ की स्त्री गुणमाला ने किया था जिसके प्रभाव से अनेक सुख सम्पत्तियों सहित बिछुड़े हुए सातों पुत्र और बहुओं से पुनः समागम हो गया था।

१२—णमोकारपैंतीसी व्रत

अपराजित है मंत्र णमोकार, अक्षर तसु पैंतीस विचार।
करि उपवास वरण परिमाण, मानें सात करो बुधिवान॥
पुनि चौदा चौदशि गण सांच, पाँचें तिथि के प्रोषध पांच।
नवमी नव करिये [illegible] सब प्रोषध [illegible]

पैंतासी णवकार जु येह, जाप्यमत्र नवकार जयेह।
मन वच तन नरनारी करें, सुरनर सुख लह शिवतिय करे ॥
—क्रियाकोष

भावार्थ—यह व्रत हृदय धर अर्थात् एक मास और छह मास में समाप्त होता है, और इस व्रत की अवधि के भीतर निज पैंतीस दिन ही व्रत के होते हैं। आषाढ शुक्ल सप्तमी से यह व्रत शुरू होता है। इसकी विधि निम्न प्रकार है—

१—प्रथम आषाढ शुक्ल सप्तमी का उपवास करे। फिर श्रावण की सप्तमी २, भादों की सप्तमी २, और आश्विन की सप्तमी २, इस प्रकार सात उपवास करे। पश्चात् कार्तिक कृष्णा पञ्चमी से पौष कृष्णा पञ्चमी तक अर्थात् पाँच पञ्चमियों के पाँच उपवास करे। फिर पौष कृष्णा चतुर्दशी से चैत्र कृष्णा चतुर्दशी तक सात चतुर्दशियों के सात उपवास करे। फिर चैत्र शुक्ला चतुर्दशी से आषाढ शुक्ला चतुर्दशी तक सात चतुर्दशियों के सात उपवास करे। फिर श्रावण कृष्णा नवमी से अगहन कृष्णा नवमी तक नव नवमियों के नव उपवास करे। इस प्रकार ३५ उपवास द्वारा व्रत पूरा करे। प्रतिदिन अभिषेक पूर्वक नवकार मंत्र पूजन करें पश्चात् उद्यापन करे।

इस णमोकार मंत्र पैंतीसी व्रत के प्रभाव से गोपाल नामक ग्वाला चम्पा नगरी में वृषभदत्त सेठ के यहाँ सुदर्शन नाम का पुत्र हुआ था और इस निमित्त पाकर वैराग्य धारण कर उसने कर्मों का नाश कर मोक्ष प्राप्त किया।

१३—क्षपण क्रिया व्रत

क्षपण क्रिरिया की विधि जिसी, सुनिये बुध भाषी जिन तिसी।
आठें आठमूल गुणतनी, पाँचें पाँच अणुव्रत भनी ॥
तीन तीज गुणव्रत की धार, शिक्षाव्रत की चौथ जु चार।
तप बारह की बारसि जान, तिसका प्रोषध बारह ठान ॥
साम्य भाव की पड़िमा एक, ग्यारस प्रतिमा की दश एक।
चौथ चार चहुँदानहिं तनी, पड़िमा एक जल गालन भनी ॥
अनथमीय पड़िमा अघरोध, तीनहु तीज चरण दृग बोध।

ये त्रेपण प्रोषध जो करे, शील सहित तप को अनुसरे॥
सो नर तिय सुर नृप सुख पाय, अनुक्रम ते शिव धाम लहाय।
उद्यापन विधि करिये सार, सक्तीहीन दुगुण व्रत धार॥

—क्रि० को०

भावार्थ—यह व्रत तीन वर्ष, तीन मास और एक पक्ष में समाप्त होता है। इस तीन वर्ष, दो माह और एक पक्ष के अन्दर व्रत के दिन सिर्फ ५२ ही होते हैं। विधि इस प्रकार है—

प्रथम—आठ मूलगुण के आठ आठ के आठ उपवास करे।
दूसरे—पाँच अणुव्रत के पाँच पञ्चमियों के पाँच उपवास करे।
तीसरे—तीन गुणव्रत के तीन तीज के तीन उपवास करे।
चौथे—चार शिक्षाव्रत के चार चतुर्दशी के चार उपवास करे।
पाँचवें—बारह तप के बारह द्वादशियों के बारह उपवास करे।
छठवें—समता भाव की एक पड़िमा का एक उपवास करे।
सातवें—ग्यारह प्रतिमा के ग्यारह ग्यारसों के ग्यारह उपवास करे।
आठवें—चार दान के चार चतुर्दशियों के चार उपवास करे।
नवमें—जल गालन क्रिया की एक पड़िमा का एक उपवास करे।
दशवें—रात्रि भोजन त्याग की एक पड़िमा का एक उपवास करे।
ग्यारहवें—तीन रत्नत्रय के तीन तीजों के तीन उपवास करे।

व्रत समाप्त होने पर उद्यापन करे। उद्यापन की शक्ति न हो तो व्रत दूना करे। त्रिकाल णमोकार मंत्र का जाप्य करे।

१४—नवकार व्रत

नमोकार व्रत अब सुन राज, सत्तर दिन एकान्तर साज।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत सत्तर दिन में समाप्त होता है। सत्तर एकाशने करे, प्रतिदिन त्रिकाल णमोकार मंत्र का जाप्य करे। पश्चात् उद्यापन

१५—चौबीस तीर्थंकर व्रत

तीर्थंकर चौबीसी सार, करे वास चौबीस विचार।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत २४ दिन में ही समाप्त होता है, २४ तीर्थंकरों के २४ उपवास करे। 'ओं ह्रीं वृषभादिवर्धमानान्तचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्यो नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

१६—करमचूर व्रत

अष्ट करम चूरण व्रत जान, चौसठ दिन को कह्यो प्रमाण।
अष्टमि वसु केवल उपवास, अष्टमि आठ कांजिका आस।
अष्टमि वसु इक तंदुल खाय, अष्टमि आठ ग्रास इक पाय।
आठ अष्टमि कुरड़ी भोजन, अष्टमि वसु इक रस इक अन्न।
एकलठानो अष्टमि आठ, वसु अष्टमि रूक्षाहार सु ठाट।

दोहा—वरष दोय वसु मास में व्रत पूरा है येह।
शील सहित व्रत कीजिये दायक सुर शिव गेह॥

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत दो वर्ष ८ मास के भीतर ६४ दिन में समाप्त होता है। विधि निम्न प्रकार है—

१—प्रथम आठ अष्टमियों के आठ उपवास करे।
२—दूसरे आठ अष्टमियों के आठ कांजिकाहार करे।
३—तीसरे आठ अष्टमियों को सिर्फ तंदुल भोजन करे।
४—चौथे आठ अष्टमियों को सिर्फ एक एक ग्रास भोजन करे।
५—पाँचवें आठ अष्टमियों को एक एक कुरड़ी भोजन करे।
६—छठवें आठ अष्टमियों को एकरस और एक अन्न का भोजन करे।
७—सातवें आठ अष्टमियों को एकलठाना करे।
८—आठवें आठ अष्टमियों को रूक्ष अन्न का भोजन करे।

इस प्रकार व्रत पूरा करके उद्यापन करे। ...
सिद्धपरमेष्ठिने नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

१७—समकित चौबीसी व्रत

व्रत समकित चौबीसी भनो, ...

भावार्थ—यह व्रत ... व्रत पूरा होने के बाद उद्यापन करे। ... नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

१८—भावनापचीसी व्रत

अडिल्ल—दशमी दश उपवास पचमी ...,
आठें वसु उपवास ...।
सब प्रोषध पचीस शीलयुत ...,
ये भावन पचीसी ...।

—...

भावार्थ—यह व्रत पचीस उपवास ... । जिनका ... निम्न प्रकार है—

१—प्रथम दश दशमियों के ...।
२—दूसरे पाँच पंचमियों के ...।
३—तीसरे आठ अष्टमियों के ...।
४—चौथे दो पड़िमाओं के ...।

उपवास पूरे होने पर उद्यापन करे। ... जाप्य करे।

अन्य प्रकार—

भावनपचीसी व्रत जान, एकान्तर पचास प्रमाण।

भावार्थ—यह व्रत पचास दिन में पूरा होता है। उपरोक्त विधि के अनुसार उपवासों के स्थान में दूने एकाशन करे। व्रत पूरा होने पर उद्यापन करे। जाप्य उपरोक्त मंत्र का ही करे।

१६—लघु पल्लविधान व्रत

पल्ल विधान जु चौंतिस दिना, पचिस प्रोषध नव पारणा। एकहि ते पाँचहि लों चढ़े, फेर उतर पहिले लग अढ़े।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत चौंतीस दिन में पूरा होता है। विधि निम्न प्रकार है—

१—प्रथम एक उपवास और एक पारणा।

२—दूसरे दो उपवास और एक पारणा।

—तीसरे तीन उपवास और एक पारणा।

४—चौथे चार उपवास और एक पारणा।

५—पाँचवें पाँच उपवास और एक पारणा।

६—छठवें चार उपवास और एक पारणा।

७—सातवें तीन उपवास और एक पारणा।

८—आठवें दो उपवास और एक पारणा।

६—नवमें एक उपवास और एक पारणा।

इस प्रकार चौंतीस दिन में २५ उपवास और ६ पारणा किये जाते हैं। व्रत पूरा होने पर उद्यापन करे। त्रिकाल णमोकार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

२०—वृहद् पल्लविधान व्रत

सुनहु पल्लविधान व्रत, जिन आगम अनुसार। विरत बहत्तर कीजिये, बारह मास मझार॥

ए वरष एक में वास, सत्तर दुय आगम भाष।
धारणे धारणे सत, धरिये एकान्त महन्त॥
धर शील त्रिविध नर नारी व्रत करहु न ढील लगारी,
सुर है अनुक्रम शिव जाइ, विधि पद्म तनी यह गाइ।

—कि क्रि०

भावार्थ—यह व्रत एक वर्ष में समाप्त होता है जिसमें ७२ दिन व्रत के होते हैं, अर्थात् ४८ उपवास, ८ तेला, ६ बेला, इस प्रकार ७२ दिन होते हैं। क्रम निम्न प्रकार है—

१—आश्विन कृष्णा—षष्ठी तथा तेरसी का उपवास।
,, शुक्ला—एकादशी, द्वादशी का बेला और चतुर्दशी का उपवास।
२—कार्तिक कृष्णा—द्वादशी का उपवास।
,, शुक्ला—तृतीया और द्वादशी का उपवास।
३—मगशिर कृष्णा—एकादशी का उपवास।
,, शुक्ला—तृतीया और द्वादशी का उपवास
४—पौष कृष्णा—द्वितीया और अमावस का उपवास।
,, शुक्ला—पंचमी, सप्तमी और पूर्णमासी का उपवास।
५—माघ कृष्णा—चौथ, सप्तमी और चतुर्दशी का उपवास
,, शुक्ला—सप्तमी अष्टमी का बेला और दशमी का उपवास।
६—फाल्गुन कृष्णा—पंचमी और षष्ठी का बेला।
,, शुक्ला—पड़िवा और एकादशी का उपवास।
७—चैत्र कृष्णा—पड़िवा दोज का बेला, तथा चतुर्थी, षष्ठी, अष्टमी और एकादशी का उपवास।
,, शुक्ला—सप्तमी और दशमी का उपवास।
८—वैशाख कृष्णा—चतुर्थी और दशमी का उपवास।
,, शुक्ला—द्वितीया तृतीया का बेला, तथा नवमी और त्रयोदशी का उपवास।

९—ज्येष्ठ कृष्णा—अष्टमी का उपवास तथा त्रयोदशी, चतुर्दशी, अमावस्या का तेला।

,, शुक्ला—अष्टमी, दशमी, और पूर्णिमा का उपवास।

१०—आषाढ़ कृष्णा—दशमी का उपवास और त्रयोदशी, चतुर्दशी, मावस का तेला।

,, शुक्ला—अष्टमी, दशमी और पूर्णिमा का उपवास।

११—श्रावण कृष्णा—चतुर्थी, षष्ठी, अष्टमी और चतुर्दशी का उपवास।

,, शुक्ला—तृतीया का उपवास, द्वादशी त्रयोदशी का तेला और पूर्णिमा का उपवास।

१२—भाद्रपद कृष्णा—द्वितीया का उपवास, पंचमी और सप्तमी का तेला, तथा द्वादशी का उपवास।

,, शुक्ला—पंचमी, षष्ठी, सप्तमी का तेला तथा नवमी का उपवास, एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी का तेला और पूर्णिमा का उपवास।

प्रतिदिन त्रिकाल जाप्य नमस्कार मंत्र का देना चाहिए। व्रत समाप्त होने पर उद्यापन करना चाहिए।

२१—नक्षत्रमाला व्रत

गीतका छन्द

अश्विनी नक्षत्र थकी जु वासर चार अधिक पचास ही,
तिहि मध्य एकासन सत्ताइस बीस सात उपासही।
युत शील मन वच तन विशुद्धहि धर विवेकी चाय सों,
माला नक्षत्र सु नाम व्रततें छूटिये विधि दाय सों॥

—कि० वि० को०

भावार्थ—यह व्रत चौवन दिन में समाप्त होता है। प्रथम अश्विनी नक्षत्र के दिन से प्रारम्भ करे। प्रथम दिन उपवास, दूसरे दिन पारणा,

तीसरे दिन उपवास, चौथे दिन पारणा इस क्रम से ~३ उपवास और २७ पारणा करता हुआ क्रम से ५४ दिन पूरे करे। प्रतिदिन त्रिकाल णमो कार मंत्र का जाप्य देवे। व्रत समाप्त होने पर उद्यापन करे।

अन्य प्रकार

व्रत नक्षत्रमाला उर धरे, भव चौवन एकान्तर धरे।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यदि उपवास की शक्ति न हो तो ५४ एकाशन कर व्रत समाप्त करे।

७२—लब्धिविधान व्रत

भादों माघ चैत्र विधि ठान, धरि पड्रस एकान्तर ठान।
पडिया दोयज तीज प्रवाण, थापे तेला कर विधि मान॥
सक्ति प्रमाण जु पोषहिं धरे, चौथे दिन एकासन धरे।
पाचों दिवस शील को पाल, तीन वरष व्रत करहिं सम्हाल॥

—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत भाद्रपद कृष्णा अमावस्या से शुरू होता है, प्रथम अमावास्या को एकाशन करे। फिर पडिवा, दौज और तीज का तेला करे। चतुर्थी को एकाशन करे। इस प्रकार प्रतिवर्ष भाद्रपद, माघ और चैत्र में करे। तीन वर्ष समाप्त होने पर उद्यापन करे। ओं ह्रीं श्री महावीरस्वामिने नमः इस मन्त्र का त्रिकाल जाप्य देवे। व्रत पूरा होने पर उद्यापन करे।

दूसरी विधि

दूजी विधि आगम यह कहै, पडिया तीजहि प्रोषध गहै।
दोयज दिवस करे एकान्त, यह मरयाद वरष त्रय मन्त॥

—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—भादों, माघ और चैत्र मास में शुक्ल पडिया और तीज का उपवास करे। दोयज तथा चतुर्थी को पारणा करे। इस प्रकार तीन वर्ष पूर्णकर उद्यापन करे।

तीसरी विधि

पड़िवाँ तीज एकात करेय, दोयज को उपवास धरेय।
मर्यादा भादों नव वष, करिये भवि मनमें धर हर्ष॥
पाँच दिवस लों पाले शील, स्वर्गादिक सुख पावे लील।
पुन उत्तम नर पदवी लहे, दीक्षा धर शिवतिय कर गहे।

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—भादों, माघ और चैत्र मास में शुक्ल पड़िवा और तीज का एकाशन तथा दोयज का उपवास। और चौथ का एकाशन। इस प्रकार नौ वर्ष पूरे कर उद्यापन करे।

वाराणसी नगरी के राजा विश्वसेन की रानी विशालनयना तथा उसकी चमरी और रंगा नाम की सखियों ने मुनि निंदा कर तीव्र पाप उपार्जन किया था जिसके फलस्वरूप बहुत काल तक अनेक कुयोनियों में भ्रमण करती हुई उज्जयिनी नगरी के पास पलाश नाम के ग्राम में एक शूद्र के घर तीनों पुत्रियाँ हुईं जो बहुत ही कुरूपा थीं। इनके माता पिता जन्मते ही मरण को प्राप्त हो गये थे, इनके कुत्सित व्यवहार के कारण ग्रामवासियों ने इन तीनों को ग्राम से निकाल दिया था। ये तीनों भ्रमण करती हुई पाटलीपुर के उद्यान में पहुँचीं। वहाँ इन्हें मुनिराज के दर्शन हुए। उनके उपदेशामृत से प्रभावित होकर तीनों ने लब्धिविधान व्रत लिया, और बहुत श्रद्धा तथा भक्ति पूर्वक उसे किया। अन्त में मरण कर व्रतके प्रभाव से पाँचवें स्वर्ग में देव हुईं। वहाँ से चयकर विशालनयना का जीव तो मगध देशके बाड़वनगर में काश्यपगोत्रीय शांडिल्य ब्राह्मण की स्थण्डिला स्त्री के गौतम नाम का पुत्र हुआ। जो महावीर स्वामी के समवशरण में प्रथम गणधर हुआ। कुछ काल बाद केवलज्ञान प्राप्त कर मोक्ष प्राप्त किया। तथा चमरी और रंगा के जीव स्वर्गसे चयकर मनुष्यपर्याय प्राप्त कर तप द्वारा कर्मनाश कर मोक्ष प्राप्त किया।

२३—सप्तकुम्भ व्रत

सप्तकुंभ व्रत बासठ दिना, प्रोषध धर पैंतालिस दिना।
सत्रह पारने के दिन जान, सप्तकुंभव्रत धर उर ठान॥

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत ६२ दिन में पूरा किया जाता है जिसमें ४५ उपवास और सत्रह पारणा होते हैं। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे, यथाशक्ति मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

२४—लघु सिंहनिष्क्रीडित व्रत

दोहा—सिंहनिष्क्रीडित व्रततनो, कहूँ विधान बखान।
विधिस्यों कीजे भावयुत, कर्मनिर्जरा ठान॥

चालछंद—कर प्रथम एक उपवास, पुन दोय एक तिहुँ जास।
दोय चार तीन पण कीजे, चव पाँच पाँच कर दीजे॥
चहुँ पाँच तीन चहुँ दोई, तिहुँ एक दोय इक होई।
सब वास साठ गण लीजे, तसु बीस पारणा कीजे॥
अस्सी दिन में व्रत येह, कर कह्यो जिनागम येह।
यह तप शिव सुख का दायक, कीनो पूरव मुनिनायक॥

—कि० सिं० क्रि०

यह व्रत ८० दिन में पूरा होता है जिसमें ६० उपवास और २० पारणाएं होती हैं। यथा—

१—एक उपवास, एक पारणा, २—दो उपवास एक पारणा,
—एक उपवास एक पारणा, ४—तीन उपवास एक पारणा,
५—दो उपवास एक पारणा, ६—चार उपवास एक पारणा,
७—तीन उपवास एक पारणा, ८—पाँच उपवास एक पारणा,
९—चार उपवास एक पारणा, १०—पाँच उपवास एक पारणा,
११—पाँच उपवास एक पारणा, १२—चार उपवास एक पारणा,

१ —पाँच उपवास एक पारणा, १४—तीन उपवास एक पारणा,
१५—चार उपवास एक पारणा, १६—दो उपवास एक पारणा,
१७—तीन उपवास एक पारणा, १८—एक उपवास एक पारणा,
१९—दो उपवास एक पारणा, २०—एक उपवास एक पारणा,

इस प्रकार यह व्रत ८० दिन में समाप्त होता है। व्रत के दिनों में त्रिकाल नमस्कार मन्त्र का जाप करना चाहिये।

२५—बृहत्सिंहनिष्क्रीडित व्रत

बृहत्सिंहक्रीडित व्रत सुनो, इकसौ सतहत्तर दिन गनो।
इक सौ पैंतालिस उपवास, करै पारणे बत्तिस जास।

भावार्थ—यह व्रत १७७ दिन में समाप्त होता है, जिसमें १४५ उपवास और ३२ पारणा होते हैं, यथा—

१—उपवास एक पारणा एक, २—उपवास दो पारणा एक,
३—उपवास एक पारणा एक, ४—उपवास तीन पारणा एक,
५—उपवास दो पारणा एक, ६—उपवास चार पारणा एक,
७—उपवास तीन पारणा एक, ८—उपवास पाँच पारणा एक,
९—उपवास चार पारणा एक, १०—उपवास छह पारणा एक,
११—उपवास पाँच पारणा एक, १२—उपवास सात पारणा एक,
१३—उपवास छह पारणा एक, १४—उपवास आठ पारणा एक,
१५—उपवास सात पारणा एक, १६—उपवास नौ पारणा एक,
१७—उपवास आठ पारणा एक, १८—उपवास सात पारणा एक,
१९—उपवास आठ पारणा एक, २०—उपवास छह पारणा एक
२१—उपवास सात पारणा एक, २२—उपवास पाँच पारणा एक,
२३—उपवास छह पारणा एक, २४—उपवास चार पारणा एक,
२५—उपवास पाँच पारणा एक, २६—उपवास तीन पारणा
२७—उपवास चार पारणा एक, २८—उपवास दो पारणा।

२९—उपवास तीन पारणा एक, ३०—उपवास एक पारणा एक,
३१—उपवास दो पारणा एक, ३२—उपवास एक पारणा एक,

इस प्रकार यह व्रत १७७ दिन में समाप्त होता है। व्रत के दिनों में त्रिकाल णमोकार मंत्र का जाप करना चाहिये। व्रत समाप्ति के बाद उद्यापन करना चाहिये।

२६—भाद्रपदसिंहनिष्क्रीडित व्रत

भाद्रपदसिंहनिष्क्रीडित जान, छय शत दिन ताको परिमाण।
इकसौ पचहत्तर उपवास, करे पारणा पचिस जास॥

भावार्थ—यह व्रत २०० दिन में समाप्त होता है जिसमें १७५ उपवास और २५ एकाशन होते हैं। यथा—

१—उपवास एक पारणा एक, २—उपवास दो पारणा एक,
३—उपवास तीन पारणा एक, ४—उपवास चार पारणा एक,
५—उपवास पाँच पारणा एक, ६—उपवास छह पारणा एक,
७—उपवास सात पारणा एक, ८—उपवास आठ पारणा एक,
९—उपवास नौ पारणा एक १०—उपवास दश पारणा एक,
११—उपवास ग्यारह पारणा एक, १२—उपवास बारह पारणा एक
१३—उपवास तेरह पारणा एक १४—उपवास तेरह पारणा एक
१५—उपवास बारह पारणा एक १६—उपवास ग्यारह पारणा एक,
१७—उपवास दश पारणा एक, १८—उपवास नौ पारणा एक,
१९—उपवास आठ पारणा एक, २०—उपवास सात पारणा एक,
२१—उपवास पाँच पारणा एक, २२—उपवास चार पारणा एक,
२३—उपवास तीन पारणा एक, २४—उपवास दो पारणा एक,
२५—उपवास एक पारणा एक।

इस प्रकार २०० दिन में व्रत समाप्त करे। त्रिकाल नमस्कार मंत्र का जाप करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

२७—त्रिगुणसार व्रत

त्रिगुणसार व्रत इकतालीस, ग्यारा जेवा प्रोषध तीस।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत ४१ दिनों में पूरा होता है जिसमें ३० उपवास और ११ पारणा होते हैं। यथा—

१—एक उपवास एक पारणा, २—एक उपवास एक पारणा,
३—दो उपवास एक पारणा, ४—तीन उपवास एक पारणा,
५—चार उपवास एक पारणा, ६—पाँच उपवास एक पारणा,
७—चार उपवास एक पारणा, ८—चार उपवास एक पारणा,
९—तीन उपवास एक पारणा, १०—दो उपवास एक पारणा,
११—एक उपवास एक पारणा,

इस प्रकार ४१ दिन में व्रत समाप्त करे, प्रतिदिन त्रिकाल नमस्कार मन्त्र का जाप्य करे। व्रत पूरा होने पर उद्यापन करे।

२८—बारा सो चौंतीसा (चारित्रशुद्धि) व्रत

अडिल्ल छन्द—

दोयज पाँचैं आठैं ग्यारस चौदशी,
इनके प्रोषध करे सकल अघ जो नशी।
दश प्रोषध इक मास में इम पख के भये,
एक वरष के इक से वीस मिल सब ठये।
पूरण है दश वर्ष सार्ध त्रय मास में,
हैं बारासौ चौंतिस प्रोषध जास में।
सम्यक चारित्त तनी भावना चित गहैं,
बारह सौ चौंतीसा व्रत मुनिजन कहैं।

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत १० वर्ष, ३ माह और १५ दिन में समाप्त होता है जिसमें १२३४ उपवास होते हैं। अर्थात् प्रत्येक माह की दो नौमी, दो पचमी, दो अष्टमी, दो एकादशी और दो चतुर्दशी, इस प्रकार एक माह में १० उपवास किये जाते हैं, इस व्रत का प्रारम्भ भाद्रपद शुक्ला पड़िमा से होता है। व्रत के दिनों में त्रिकाल जाप्य 'ओं ह्रीं असि आ उसा चारित्रशुद्धिव्रतेभ्यो नमः' मन्त्र का देना चाहिये। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करना चाहिये।

यह व्रत उज्जैन नगरी के राजा हेमवर्मा ने किया था जिसके प्रभाव से तीसरे भव में विदेह क्षेत्र की विजयापुरी नगरी में धनजय राजा के चन्द्रभानु नाम का तीर्थंकर पुत्र हुआ और पंचकल्याणक प्राप्त कर मोक्ष प्राप्त किया।

२९—सर्वतोभद्र व्रत

व्रत जो सर्वतोभद्र विचार, सौ दिन की मरयादा धार।
प्रोषध पचहत्तर परवान, अरु पच्चीस पारने जान।
—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत एकसौ दिन में पूर्ण होता है, जिसमें ७५ उपवास और २५ पारणा होते हैं। यथा—

१—एक उपवास एक पारणा,	२—दो उपवास एक पारणा,
३—तीन उपवास एक पारणा,	४—चार उपवास एक पारणा,
५—पाँच उपवास एक पारणा,	६—चार उपवास एक पारणा,
७—पाँच उपवास एक पारणा,	८—एक उपवास एक पारणा,
९—दो उपवास एक पारणा,	१०—तीन उपवास एक पारणा,
११—दो उपवास एक पारणा	१२—तीन उपवास एक पारणा,
१३—चार उपवास एक पारणा,	१४—पाँच उपवास एक पारणा,
१५—एक उपवास एक पारणा,	१६—पाँच उपवास एक पारणा,
१७—एक उपवास एक पारणा,	१८—दो उपवास एक पारणा,

१९—तीन उपवास एक पारणा, २०—चार उपवास एक पारणा,
२१—तीन उपवास एक पारणा, २२—चार उपवास एक पारणा,
२३—पाँच उपवास एक पारणा, २४—एक उपवास एक पारणा,
२५—सौ उपवास एक पारणा।

इस प्रकार व्रत समाप्त करे। विशाल नमस्कार मंत्र का जाप करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

३०—महासर्वतोभद्र व्रत

महा सर्वतोभद्र व्रत जान, दोसो पैंतालिस दिन मान।
इकसौ छ्यानवे दिन उपवास, करे पारने सब उनचास॥

—सुरेन्द्र-तरंगिणी

भावार्थ—यह व्रत दो सौ पैंतालीस दिन में पूरा होता है जिनमें एक सौ छ्यानवे उपवास और उनचास पारणे होते हैं—

१—एक उपवास एक पारणा, २—दो उपवास एक पारणा,
३—तीन उपवास एक पारणा, ४—चार उपवास एक पारणा,
५—पाँच उपवास एक पारणा, ६—छह उपवास एक पारणा,
७—सात उपवास एक पारणा, ८—एक उपवास एक पारणा,
९—दो उपवास एक पारणा, १०—तीन उपवास एक पारणा,
११—चार उपवास एक पारणा, १२—पाँच उपवास एक पारणा,
१३—छह उपवास एक पारणा, १४—सात उपवास एक पारणा,
१५—एक उपवास एक पारणा, १६—दो उपवास एक पारणा,
१७—तीन उपवास एक पारणा, १८—चार उपवास एक पारणा,
१९—पाँच उपवास एक पारणा, २०—छह उपवास एक पारणा,
२१—सात उपवास एक पारणा, २२—एक उपवास एक पारणा,
२३—दो उपवास एक पारणा, २४—तीन उपवास एक पारणा,
२५—चार उपवास एक पारणा, २६—पाँच उपवास ए

३५—वृन्द जिनगुणसम्पत्ति व्रत

चालछंद

जिनगुण सम्पत्ति व्रत धार, सुनिये तिनको अनधार,
दश अतिशय जिन जन मत ही, लीये उपजे सब सत ही।
उपजो जब केवलज्ञान, दश अतिशय प्रगटे जाम,
दम अतिशय बीस जु केरी, कर बीस दसें सुख घेरी।
देवन कृत अतिशय जानो, चौदश चौदह तिहि ठानो,
वसु प्रातिहार्य जिनदेव, वसु आठें करिये एव।
भावन सोलह कारण की, पडिमा सोलह परनी की,
पाचों कल्याणक जाकी, पाँचें पाँचों कर ताकी।
प्रोषध ये त्रेसठ जानो, युत शील भविक जन ठानो
उत्तम सुर नर सुख पावे, अनुक्रमतें शिवपुर जावे।
—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत १० मास में समाप्त होता है, जिसमें त्रेसठ उपवास होते हैं। यथा—

१—प्रथम जन्म के दश अतिशयों के दश दशमी के उपवास करे।

२—दूसरे केवलज्ञान के दश अतिशयों के दश दशमी के उपवास करे।

३—तीसरे देवकृत चौदह अतिशयों के चौदह चतुर्दशियों के उपवास करे।

४—चौथे आठ प्रातिहार्यों के आठ अष्टमियों के उपवास करे।

५—पाँचवें षोडश कारण भावना के सोलह पडिमा के उपवास करे।

६—छट्ठवें पाँचों कल्याणकों के पाँच पंचमियों के उपवास करे।

इस प्रकार ६३ उपवास द्वारा व्रत पूर्ण करे। त्रिकाल नमस्कार मन्त्र का जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

यह व्रत पाटलीपुर नगर में नागदत्त सेठ की स्त्री सुमति सेठानी ने किया था जिसके प्रभाव से अनेक सुख भोगकर अनुक्रम से हस्तिनागपुर में

धेरथ नाम का राजा हुआ था और भगवान आदिनाथ का आहार दान देकर संसार से विरक्त होकर तप द्वारा कर्मनाश कर केवलज्ञान प्राप्त किया और मोक्ष को प्राप्त हुए।

३६—मध्यम जिनगुणसम्पत्ति व्रत

जिनगुण सम्पत् उपवासह दीस, प्रोषध दत्तिस पारणा तीस।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत ६६ दिन में समाप्त होता है जिसमें २६ उपवास और ३० पारणा होते हैं। यथा—

१—एक उपवास एक पारणा	२—एक उपवास एक पारणा
३—एक उपवास एक पारणा	४—एक उपवास एक पारणा
५—एक उपवास एक पारणा	६—एक उपवास एक पारणा
७—एक उपवास एक पारणा	८—एक उपवास एक पारणा
९—एक उपवास एक पारणा	१०—एक उपवास एक पारणा
११—एक उपवास एक पारणा	१२—एक उपवास एक पारणा
१३—एक उपवास एक पारणा	१४—एक उपवास एक पारणा
१५—एक उपवास एक पारणा	१६—एक उपवास एक पारणा
१७—एक उपवास एक पारणा	१८—एक उपवास एक पारणा
१९—एक उपवास एक पारणा	२०—एक उपवास एक पारणा
२१—एक उपवास एक पारणा	२२—एक उपवास एक पारणा
२३—एक उपवास एक पारणा	२४—एक उपवास एक पारणा
२५—एक उपवास एक पारणा	२६—एक उपवास एक पारणा
२७—एक उपवास एक पारणा	२८—एक उपवास एक पारणा
२९—एक उपवास एक पारणा	३०—एक उपवास एक पारणा

इस प्रकार व्रत पूरा कर उद्यापन करे। 'ओं ह्रीं अर्हन्त परमेष्ठिने नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

३७—लघु जिनगुण संपत्ति व्रत

लघुजिन गुण संपति त्रेसठ्ठि, कर एकान्तर पूज्य प्रमेट्ठि।

भावार्थ—यह व्रत त्रेसठ दिन में पूरा किया जाता है, इसमें ६३ एकाशन होते हैं। व्रत समाप्त होने पर उद्यापन करे। त्रिकाल नमस्कार मन्त्र का जाप्य करे।

३८—बृहत्सुखसंपत्ति व्रत

पडिमा इक दोयज दोइ, तिहुँ तीज चौथ चहुँ जोई।
पाचैं पण छट्टि छह आनो, सातैं पुनि सात बखानो॥
आठैं के प्रोषध आठ, नवमी नव आगम पाठ।
दशमी दश ग्यारस ग्यारे, बारस के प्रोषध बारे॥
तेरस के तेरा लीने, चौदशि के चौदह कीजे।
पद्रसि पद्रह शिवकारी, बीस रु सौ प्रोषध धारी॥
यह सुख संपति व्रत नीको, भव भव सुखदायक जी को।
मन वच काया शुद्ध कीजे, भविजन नरभव फल लीजे॥

—कि० सि० कि०

यह व्रत १२० दिन में पूरा किया जाता है जिसमें १२० उपवास होते हैं, यथा—

१—एक पडिमा का एक उपवास,
२—दो दोयज के दो उपवास,
३—तीन तीज के तीन उपवास,
४—चार चौथ के चार उपवास,
५—पाँच पञ्चमियों के पाँच उपवास,
६—छह षष्ठिया के छह उपवास,
७—सात सप्तमियों के सात उपवास,
८—आठ अष्टमियों के आठ उपवास,
९—नौ नवमियों के नौ उपवास,
१०—दश दशमियों के दस उपवास,
११—ग्यारह एकादशिया के ग्यारह उपवास,
१२—बारह द्वादशियों के बारह उपवास,
१३—तेरह त्रयोदशिया के तेरह उपवास,
१४—चौदह चतुर्दशियों के चौदह उपवास,
१५—पन्द्रह पन्द्रसियों के पन्द्रह उपवास।

इस प्रकार व्रत पूर्ण कर उद्यापन करे। त्रिकाल णमोकार मन्त्र का जाप्य करे।

३६—मध्यम सुखसपत्ति व्रत

सुख सपति दिन इकसोवीस, पूर्यो मावस प्रोपध दीस।

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत पाँच वर्ष में पूरा होता है, जिसमें १२० उपवास होते हैं। यथा—प्रत्येक मास की पूर्णिमा और अमावास्या के दिन उपवास करे। इस प्रकार २१ वर्ष में १२० उपवास द्वारा व्रत पूरा कर उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

४०—लघु सुखसपत्ति व्रत

षोड़श तिथि प्रोपध षट्दश, लघुवत सुखदाय अनेकस।

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत सोलह दिन में पूर्ण होता है। जिस किसी भी मास की शुक्ल पड़िमा से कृष्ण पड़िमा तक १६ दिन के १६ उपवास करे। प्रतिदिन त्रिकाल नमस्कार मन्त्र का जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

४१—रुद्रवसत व्रत

रुद्रवसत चवालिस दिना, पैंतिस प्रोपध नव पारणा।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत चवालीस दिन में पूरा होता है, जिसमें ३५ उपवास और नव पारणा होते हैं। यथा—

१—दो उपवास एक पारणा, २—तीन उपवास एक पारणा,
३—चार उपवास एक पारणा, ४—पाँच उपवास एक पारणा,
५—छह उपवास एक पारणा, ६—छह उपवास एक पारणा,
७—चार उपवास एक पारणा, ८—तीन उपवास एक पारणा,
९—एक उपवास एक पारणा।

इस प्रकार व्रत पूर्ण करे। त्रिकाल नमस्कार मन्त्र का जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

४२—शीलकल्याणक व्रत

दोहा—शीलकल्याणक व्रत तनो, भेद सुनो जे सन्त।
मन वच काय विशुद्धि कर, धारो भवि हरषन्त॥

चाल छंद

तिरयंच रु नर सुर नारी, चौथी चिन चेतन सारी।
पंच इन्द्रियातें चहुँ गुनिये, तिन संख्या बीस जु मुनिये॥
मन वच तन तें ते बीस, गुनिये हुं तीस रु तीस।
कृत कारित अनुमोदन तें, गुनिये पुन साठहिं गनतें॥
इकसौ अस्सी हुए जोई, प्रोषधकर भविधर सोई।
इक वरष माँहि निरधार, करिये पूरण व्रत सार॥
इक दिन उपवास जु कीजे, दूजे दिन असन सुलीजे।
तीजे दिन फिर उपवास, इम करहु इकांतर तास।
इकसौ अस्सी पर्यन्त, इतने ही उपवास करन्त।
दिन साढे तीनसौ धीर, पालें नित शील गहीर॥
यह शीलकल्याणक नाम, व्रत है बहुविध सुखधाम।
तीर्थंकर पदवी पावे, समकित युत व्रत जो ध्यावे॥
—कि० सि० कि

भावार्थ—यह व्रत ३६० दिन में पूरा होता है जिसमें १८० उप
और १८० पारणायें होतीं हैं। यथा—देवी १ मनुष्यनी २ तिर्यंचनी
अचेतनी ४ इन चारों को पाँच इन्द्रियों से गुणा किया तो २० हु
फिर २० को मन, वचन, काय, इन तीन से गुणा तो ६० हुए।
६० को कृत, कारित, अनुमोदना इन तीन से गुणा १८ हुए। इन ए
अस्सी शील के भेदों के १८ उपवास करे। एक उपवास, एक पार
इस क्रम से १८० उपवास व १८० पारणायें करे। एक वर्ष पूर्ण होन
उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप करे।

४३—श्रुतिकल्याणक व्रत

श्रुति कल्याणक दिवस पचीस, पच पच दिन ब्योरो दीस।
प्रोषध कजिक एकलठानो, रूक्ष जु अनागार पहिचानो॥
श्रुतिकल्याणक यह विधि धार, श्रुतहि पढन कर लेय आहार॥
—कि० वि० कि

भावार्थ—यह व्रत पचीस दिन में पूरा होता है। यथा—प्रथम पाच दिन के ५ उपवास करे। फिर दूसरे पाँच दिन काजिक आहार करे। तीसरे पाँच दिन एकलठाना करे। चौथे पाँच दिन रूक्ष आहार करे। पाँचवें पाँच दिन मुनिवृत्ति से आहार कर। इस प्रकार २५ दिन पूरा होनेपर उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। शास्त्र स्वाध्याय के बाद आहार करे।

४४—चद्रकल्याणक व्रत

चद्रकल्याणक दिवस पच्चीस, पाच पाच दिन ब्योरे दीस।
प्रोषध कजिक एकलठान, रूक्ष जु अनागार पहिचान।
चद्रकल्याणक व्रत विधि येह, मन वच तन करिये भविलोय।
—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत २५ दिन में पूरा होता है। जिसमें प्रथम पाँच दिन उपवास, दूसरे पाँच दिन काजिक भोजन, तीसरे पाँच दिन एकलठाना, चौथे पाँच दिन रूक्ष भोजन, पाँचवें पाँच दिन मुनिवृत्ति से भोजन कर। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

४५—लघुकल्याणक व्रत

लघुकल्याणक व्रत दिनपच, एक एक दिन वहि विधि सच।
प्रोषध कजिक एकलठान, रूक्ष जु अनागार पहिचान।

भावार्थ—यह व्रत पाँच दिन में पूरा होता है। विधि प्रथम १ दिन उपवास, दूसरे १ दिन कांजिक भोजन, तीसरे १ दिन एकलठाना, चौथे १ दिन रूक्ष भोजन, पाँचवें १ दिन मुनिवृत्ति से भोजन करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे। त्रिकाल नमस्कार मन्त्र का जाप्य करे।

४६—मध्यकल्याणक व्रत

मध्य कल्याण जु तेरा दिना, आदि अंत दुय प्रोषध गिना।
एकल चार कंजिका तीन, रूक्ष जु अनागार दुय दून॥

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत १३ दिन में पूर्ण होता है। यथा—प्रथम एक उपवास, दूसरे चार दिन एकलठाना, तीसरे कांजिकाहार, चौथे २ रूक्ष भोजन, पाँचवें २ दिन मुनिवृत्ति से आहार, छठवें १ उपवास। इस प्रकार १३ दिन करे। त्रिकाल नमस्कार मन्त्र का जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

४७—श्रुतस्कंध व्रत

दोहा—श्रुतस्कंध व्रत तीन विधि, उत्तम मध्य कनिष्ठ।
षोडश प्रोषध तीस दुय वासर माहिं गरिष्ठ॥
दश प्रोषध दिन बीस में, मध्यम विधि लख लेह।
चसु प्रोषध इक पक्ष में, है कनिष्ठ व्रत येह॥
कथन विशेष कथा महा, भादों माहि करेय।
त्रिविधि जिनेश्वर भाषियो करके कर्म उच्छेद॥

—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत भाद्रपद मास में किया जाता है। इसकी विधियाँ तीन प्रकार हैं—१ उत्तम विधि, २ मध्यम विधि, ३ जघन्य विधि।

१—*उत्तम विधि*—भाद्रपद कृष्णा एकम से आश्विन कृष्णा एकम तक २२ दिन में १६ उपवास और सोलह पारणा।

२—मध्यम विधि—भाद्रपद में २० दिन में १० उपवास और १० पारणाएँ करना।

३—जघन्य विधि—१६ दिन में ८ उपवास और ८ पारणाएँ करना।

'ॐ ह्रीं श्रीं जिनमुखोद्भूत स्याद्वादनयगर्भितद्वादशांगश्रुतज्ञानाय नमः'

इस मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत के पूर्ण समाप्त होने के बाद उद्यापन करे।

अन्य विधि

श्रुतस्कंधव्रत अब आदरे, बत्तिस दिवस एकांत करे।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत ३२ दिन में पूरा होता है जिसमें ३२ एकाशन होते हैं। उपरान्त मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत समाप्त होने के बाद उद्यापन करे।

यह व्रत पूर्व विदेह में पुष्कलावती देश के पुंडरीक नगर में राजा गुणभद्र की पट्टरानी गुणवती ने सीमंधर स्वामी के निकट धारण किया था, जिसके प्रभाव से चौथे भव में पश्चिम विदेह कुमुदवती देश के अशोकपुर नगर में पद्मनाभि राजा की पट्टरानी जितपद्मा के गर्भ से पद्मधर नाम का तीर्थंकर हुआ जो तीर्थङ्कर, चक्रवर्ती और कामदेव इन तीन पदों से युक्त था, और नीति पूर्वक राज्य भोगकर संसार से उदास होकर जिनदीक्षा ग्रहण कर कर्मनाश कर मोक्ष प्राप्त किया।

४८—श्रुतज्ञान व्रत

दोहा—प्रोषधव्रत श्रुतज्ञान के जिनवर भाषे जेम।
सकल आठ चउ एकसो बुधि सुन भवि धर प्रेम॥

चौपाई

शुक्ल पक्ष में व्रत कर सार, षोडश तिथि के मध्य विचार।
सोलह पडिमा प्रोषध धार, सित मित कर पख में निरधार॥
और कहूँ तिथि तिन कर तीज, चौथ चार पण पञ्चमी लीज।
छह छुटि सातें सात बखान, आठें आठ नमें नव जान॥

दशमी दश ग्यारह ग्यारसी, प्रोषध कर बारह बारसी।
तेरसि तेरह मास बखान चौदश चौदह प्रोषध ठान॥
पून्यो के पन्द्रह उपवास, मावस पन्द्रह करिये तास।
शील सहित प्रोषध सब करे, भवभव के संचित अघ हरे॥
—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत १२ वर्ष ८ माह में समाप्त होता है जिसमें १४८ उपवास होते हैं, यथा—

१—सोलह पड़िवा के सोलह उपवास, २—तीन तीज के तीन उपवास,
३—चार चौथ के चार उपवास ४—पाँच पञ्चमी के पाँच उपवास,
५—छह छठी के छह उपवास ६—सात सप्तमी के सात उपवास,
७—आठ अष्टमी के आठ उपवास, ८—नौ नवमी के नव उपवास,
९—दश दशमी के दश उपवास १०—ग्यारह ग्यारसी के ग्यारह उपवास,
११—बारह द्वादशी के बारह उपवास १२—तेरह त्रयोदशी के तेरह उपवास
१३—चौदह चतुर्दशी के चौदह उपवास १४—पन्द्रह पूर्णमा के पन्द्रह उपवास,
१५—पन्द्रह अमावस के पन्द्रह उपवास

इस प्रकार व्रत पूर्ण कर उद्यापन करे। 'ओं ह्रीं द्वादशांगश्रुतज्ञानाय नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

४६—पंचश्रुतज्ञान व्रत

पंच श्रुतज्ञानहिं व्रतसार, कर उपवास निरंतर धार।
इकसौ अड़सठ दिन परमान, जब चाहे आरंभे ठान॥
—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत ३३६ दिन में समाप्त होता है, जिसमें १६८ उपवास और १६८ पारणे होते हैं। एक उपवास एक पारणा इस अनुक्रम से करे। ओं ह्रीं पंचश्रुतज्ञानाय नमः इस मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

५०—ज्ञानपचीसी व्रत

अडिल्ल—प्रोषध चौदह चौदशि के विधियुत करे,
ऐसे ग्यारा ग्यारसि के प्रोषध करे।
सब उपवास पचीस शील व्रतयुत धरे,
ज्ञान पचीसी यम्न जिनागम इम करे॥

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत पचीस दिन में पूरा होता है, अर्थात् चौदह पूर्व के चौदह चतुर्दशी के उपवास और ग्यारह अंग के ग्यारह एकादशियों के उपवास कुल २५ करे। 'ॐ ह्रीं द्वादशांगश्रुतज्ञानाय नमः' इस मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

५१—वृहद् रत्नावलि व्रत

व्रत रत्नावलि वृहद् बखान, त्रयशत छ्यासठ दिन परवान।
प्रोषध सबै तीनसै करे, छ्यासठ तहाँ पारणा धरे॥

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत ३६६ दिन में पूर्ण होता है, जिसमें ३०० उपवास और ६६ पारणाएं होती हैं। इस व्रत को किसी मास से प्रारंभ करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

५२—मध्यम रत्नावलि व्रत

चाल छंद

रत्नावलि मध्यम करिये, प्रोषध तीजहिं सुदि धरिये।
पचमि अष्टमि उपवास, सितपक्ष तिहूं उपवास॥
दोयज पचमि अघहारी, आठैं प्रोषध सुखकारी।
इक मास माहिं छह जानो, इक वर्ष बहत्तर ठानो॥
उद्यापन शकति प्रमाण, करके तजिये मतिमान।
दृग युत अरु शील धरीने, तातैं उत्तम फल लीजे॥

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत एक वर्ष में समाप्त होता है जिसमें बहत्तर उपवास होते हैं। यथा—प्रत्येक मास के शुक्लपक्ष में २, ५, ८, इन तिथियों में उपवास करे। तथा कृष्णपक्ष में २, ५, ८, इन तीन तिथियों में उपवास करे। इस प्रकार एक मास में ६ उपवास करे, १२ मास के कुल बहत्तर उपवास कर। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

अन्य प्रकार

मध्यम रत्नावलि व्रत और, प्रोषध सत्ये बहत्तर ठौर।
शुकल पचमी छटि इकदशी, कृष्ण दोज छटि अरु द्वादशी॥

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—इस व्रत की दूसरी विधि भी है यथा—शुक्लपक्ष की ५, ६, ११, तथा कृष्णपक्ष की २, ६, १२ इस प्रकार प्रति मास ६ उपवास करे। १२ मास के कुल ७२ उपवास कर। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

५३—लघु रत्नावलि व्रत

लघु रत्नावलि इकतालीस, ग्यारह जेवा प्रोषध तीस।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत ४१ दिन में पूर्ण होता है जिसमें ३० उपवास और ११ पारणा होते हैं। यथा—

१—एक उपवास एक पारणा, २—एक उपवास एक पारणा,
३—दो उपवास एक पारणा, ४—तीन उपवास एक पारणा,
५—चार उपवास एक पारणा, ६—पाँच उपवास एक पारणा,
७—पाँच उपवास एक पारणा, ८—चार उपवास एक पारणा,
९—तीन उपवास एक पारणा, १०—दो उपवास एक पारणा,
११—एक उपवास एक पारणा,

इस प्रकार व्रत पूर्ण कर उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

५४—[illegible] व्रत

अडिल्ल छन्द—एक [illegible] पारहीं,
चार [illegible]।
[illegible]
[illegible] ॥

—कि० वि० कि०

भावार्थ—यह व्रत [illegible] दिन ५ [illegible] और
६ पारणा होते हैं। यथा—

१—एक उपवास [illegible] पारणा,
२—तीन उपवास [illegible] एक पारणा,
५—पाँच उपवास [illegible] पारणा,
७—तीन उपवास [illegible] एक पारणा,
९—एक उपवास [illegible] पारणा,

इस प्रकार व्रत पूरा [illegible] नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल
जाप्य करे।

५५—[illegible] व्रत

मुक्तावलि [illegible] पारणे [illegible]।
मध्यम मुक्तावलि [illegible] भवि [illegible] ॥

—[illegible]

भावार्थ—यह [illegible] है जिसमें ४९ [illegible]
और १३ पारणे होते हैं। [illegible] और [illegible]
नमस्कार मन्त्र का [illegible]

५६—[illegible] व्रत

चालछन्द—मुक्तावलि [illegible]
[illegible] करिये [illegible]
पहलो [illegible]

असोज कृष्ण छठि तेरस, उजयारी करिये द्वारस,
कातिक वदि बारस नाम, सुदि तीज रु द्वारस ठाम।
मगसिर वदि द्वारस जानो, प्रोषध सुदि तीजहि ठानो,
नव-नव प्रतिवर्ष गहीजे, प्रोषध इक अस्सी कीजे।
पूरो नव वर्ष मझारी, शुतशील करहु नर नारी,
तातें फल पावै मोटो मिटहै विधि उदय जु खोटो।

—क्रि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत नव वर्ष में पूर्ण होता है जिसमें प्रत्येक वर्ष में नौ उपवास होते हैं, कुल ८१ उपवास होते हैं यथा—

भाद्रपद शुक्ल ७, असोज कृष्ण ६–१३, असोज शुक्ल ११, कार्तिक कृष्ण १२, कार्तिक शुक्ल ३–१२, मगशिर कृष्ण १२, मगशिर शुक्ल ३, इस प्रकार एक वर्ष में ९ उपवास करे। कुल ९ वर्ष के ८१ उपवास पूर्ण होनेपर उद्यापन करे। और ॐ ह्रीं वृषभजिनाय नमः इस मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

यह व्रत दुर्गन्धा नाम की ब्राह्मण की पुत्री ने किया था जिसके प्रसाद से प्रथम स्वर्ग में देव हुई और वहाँसे चयकर मथुरा में श्रीधर राजा के यहाँ पद्मरथ नाम का पुत्र हुआ था और वासुपूज्य स्वामी के समवशरण में दीक्षा लेकर उनका गणधर हुआ और कर्मनाश कर मोक्ष प्राप्त किया।

५७—एकावलि व्रत

अडिल्ल छंद—सुनहु भविक एकावलि व्रत विधि है जिसी,
सुक्ल प्रतिपदा पंचमि अष्टमि चौदशी॥
कृष्ण चतुर्थी अष्टमि चौदशि जानिये,
चौरासी उपवास वरष मध ठानिये॥

—क्रि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत एक वर्ष में समाप्त होता है जिसमें ८४ उपवास होते हैं। किसी भी मास की शुक्ल प्रतिमा से प्रारम्भ होता है। शुक्ल १, ५, ८, १४ तथा कृष्ण ४, ८, १४ प्रत्येक मास की इन सात तिथियों के उपवास करे। इस प्रकार १२ मास के ८४ उपवास करे। त्रिकाल नम स्कार मन्त्रका जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

५८—लघु एकावलि व्रत

लघु एकावलि चौबिस ठान, चोबिस प्रोषध कर मत ध्यान ॥

—हरिवंशपुराण

भावार्थ—यह व्रत ४८ दिनमें पूर्ण होता है, जिसमें २४ उपवास और २४ पारणायें होती हैं। किसी भी मास की किसी भी तिथिसे प्रारम्भ करे। एक उपवास, एक पारणा इस क्रमसे करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्रका त्रिकाल जाप्य करे।

५९—द्विकावलि व्रत

दोहा—विधी द्विकावलि व्रत्त की, श्री जिन भाषी नाम।
बेला सात जु मास में, धरिये सुन तिन नाम ॥
चाल छंद-सित पक्ष थकी व्रत लीजे, पडिमा द्वितिया बेला कीजे,
पुन पाँचें षष्ठी जानो, आठें नवमी पुन ठानो।
चौदश पून्यो गिन लेह, बेला चहुँ सित पक्ष एह,
तिथि चौथ पचमी धारी, आठें नवमी सुविचारी ॥
चौदश मावस परवान, पक्ष कृष्ण करे इम ठान,
इम सात मास इक माहीं, बारा मासहिं इक ठाहीं।
चौरासी बेला कीने, उद्यापन कर दाबीजे,
इस व्रतमें सुरशिव पावे, सुख की तहाँ ओर न आवे ॥

भावार्थ—यह व्रत एक वर्ष में पूर्ण होता है जिसमें ८४ उपवास होते हैं। यथा—इस व्रत को किसी भी मास से शुरू करें।

शुक्ल पक्ष की तिथियाँ–

१–प्रतिपदा और द्वितीया का बेला।
२–पंचमी और षष्ठी का बेला।
३–अष्टमी और नवमी का बेला।
४–चौदश और पूर्णो का बेला।

कृष्ण पक्ष की तिथियाँ–

१–चौथ और पंचमी का बेला।
२–अष्टमी और नवमी का बेला।
३–चौदश और मावस का बेला।

इस प्रकार एक मास में ७ बेला करे। इसी प्रकार १२ मास के ८४ बेला करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

६०—लघु द्विकावलि व्रत

लघुद्विकावलि इकसो बीस, बेला करे हरष चौबीस।
इक हारे अड़तालिस और, सब पारणे चौबिस जोर।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत १२० दिन में समाप्त होता है, जिसमें २४ बेला, ४८ एकाशन, २४ पारणा—इस प्रकार १२० होते हैं। प्रथम बेला १, फिर पारणा १, फिर एकाशन २, इस क्रमसे करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्रका त्रिकाल जाप्य करे।

६१—वृहद्कनकावलि व्रत

गुरुकनकावलि व्रत दिन जान, दिन जु पांच सै बाइस जान।
प्रोषध कर चौ से चालीस, जेवा सवे अठासी दीस॥

यह व्रत ५२२ दिन में पूर्ण होता है जिसमें चारसौ चौंतीस उपवास और अठासी पारणे होते हैं। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे। और नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

६२—लघु कनकावलि व्रत

चाल छन्द—

कनकावलीय व्रत तैसो, आगम भाष्यो सुन जैसो।
सित पक्ष एकी उपवास, करिये विधि सुनिये तास॥

प्रोषध सित पडिमा कीजे, पुन वास पचमी लीजे।
सुदि की दशमी पुन करही, वदि द्वितिया छट वारसही॥
इक मास मध्य छह कीजे, करिये भवि भाव धरीजे।
उपवास बहत्तर जास, इक वरष मध्य कर तास।

—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत एक वर्ष में समाप्त होता है जिसमें ७२ उपवास होते हैं। यथा—किसी भी एक मास से प्रारंभ करे। शुक्ल पक्ष की पड़िमा, पंचमी और दशमी का उपवास, कृष्ण पक्ष में द्वितिया, षष्ठी और द्वादशी का उपवास, इस प्रकार प्रत्येक माह में ६ उपवास कर १२ मास के ७२ उपवास कर व्रत पूर्ण करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

६३—लघुमृदंगमध्य व्रत

दोय वास फिर असन फेर तिहुँ चहुँ करे,
पाच वास धर चार तीन द्वय अनुसरे।
दिवस तीन में वास कहे तेवीस हैं,
लघु मृदंग मध्य सात पारणा युत गहे॥

—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत एक मास में पूरा किया जाता है जिसमें २३ उपवास और सात पारणाएँ होती हैं। यथा—

१—दो उपवास एक पारणा, २—तीन उपवास एक पारणा
३—चार उपवास एक पारणा ४—पाँच उपवास एक पारणा
५—चार उपवास एक पारणा ६—तीन उपवास एक पारणा
७—दो उपवास एक पारणा।

इस प्रकार व्रत पूर्णकर उद्यापन करे। और नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

६४—बृहत् मृदंगमध्य व्रत

गीतिका छंद

उपवास इक कर दोय धारे, तीन चहुँ पण छह धरे।
पुन सात आठ र चंद नयनों कर पसु सात जु करे॥
छह पाँच चार रु तीन दय इक वास इकयासी गहे।
मिरदंगमध्य जु नाम द्वादश पारणा सत्रह गहे।
—कि० कि० कि०

भावार्थ—यह व्रत ९८ दिन में पूरा होता है जिसमें ८१ उपवास और १७ पारणाएँ होती हैं। यथा—

१—एक उपवास एक पारणा,
२—दो उपवास एक पारणा,
३—तीन उपवास एक पारणा,
४—चार उपवास एक पारणा,
५—पाँच उपवास एक पारणा,
६—छह उपवास एक पारणा,
७—सात उपवास एक पारणा,
८—आठ उपवास एक पारणा,
९—नौ उपवास एक पारणा,
१०—आठ उपवास एक पारणा,
११—सात उपवास एक पारणा,
१२—छह उपवास एक पारणा,
१३—पाँच उपवास एक पारणा,
१४—चार उपवास एक पारणा,
१५—तीन उपवास एक पारणा,
१६—दो उपवास एक पारणा,
१७—एक उपवास एक पारणा।

इस प्रकार व्रत पूरा कर उद्यापन करे। और नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप करे।

६५—मुरजमध्य व्रत

मुरजमध्य व्रत तैंतीस जान, छब्बिस प्रोषध जेवा सात।
—वर्धमानपुरा[illegible]

भावार्थ—यह व्रत तैंतीस दिन में पूरा होता है जिसमें २६ उप[illegible] और ७ पारणाएँ होती हैं। यथा—

१—दो उपवास एक पारणा, २—तीन उपवास एक पारणा,
—चार उपवास एक पारणा, ४—पाँच उपवास एक पारणा,
५—पाँच उपवास एक पारणा, ६—चार उपवास एक पारणा,
७—तीन उपवास एक पारणा।

इस प्रकार व्रत पूरा कर उद्यापन करे, और त्रिकाल नमस्कार मन्त्र का जाप्य करे।

६६—वज्रमध्य व्रत

वज्रमध्य व्रत दिन अड़तीस, बेला नव प्रोषध उनतीस।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत अड़तीस दिन में पूरा होता है, जिसमें २९ उपवास और नव पारणा होते हैं। यथा—

१—एक उपवास एक पारणा, २—दो उपवास एक पारणा,
३—तीन उपवास एक पारणा, ४—चार उपवास एक पारणा,
५—पाँच उपवास एक पारणा, ६—पाँच उपवास एक पारणा,
७—चार उपवास एक पारणा, ८—तीन उपवास एक पारणा,
९—दो उपवास एक पारणा।

इस प्रकार व्रत पूरा कर उद्यापन करे, और नमस्कार मन्त्र त्रिकाल जाप्य करे।

६७—मेरुपंक्ति व्रत

चौपाई

वरत मेरुपंकति जो नाम तासु करनविधि सुन अभिराम।
द्वीप अढ़ाई मध्य सुजान, पाँच मेरु ज्यों प्रकट बखान॥
जम्बू द्वीप सुदर्शन सही, विजय सु पूर्व धातुकी मही।
अपर धातुकी अचल प्रमाण, प्राची पुष्कर मंदिर मान।
पुष्कर अपर विद्युन्मालिनी, पंचमेरु वन थान सम्हालिनी।
तिनमें असी चैत्यग्रहसार, तिनके व्रत प्रोषध निरधार।

सुनहु सुदर्शन भूधर जेह, भद्रशाल वन चहुँदिशि तेह।
जिनमंदिर तिहि चार बखान, प्रोषध चार एकान्तर ठान।
पीछे बेलो कीजे एक, वन सौमनस दूसरो टेक।
चार जिनेश्वर भवन प्रकाश, चार वास पुन बेलो तास।
नंदन वन जिन प्रोषध चार, पाछैं ताके बेलो धार।
पाडुक वन चहुँ जिनवर गेह, ताके चहुँ प्रोषध धर एह।
पुन बेलो धारा भविसार, मेरु सुदर्शन यह विस्तार।
प्रोषध सोलह बेला चार, व्रत दिन चहुँ चालीस मझार।
चालीस उपवास बखान बीस जु तास पारणा जान।
ऐसे अनुक्रम धरिये भव्य, पंच मेरु व्रत विधि सौं सव्व।
इनमें अंतर पाडे नाहीं, लगते प्रोषध बेला माहीं।
सब प्रोषधको ऐसो जोड, बेला बीस करे चित मोड।
प्रोषध सबे एकसौ बीस, करे पारणा अस्सी दीस।
सकल वास बेला बिच जान, बीस इकांत कहे जु बखान।
ऐसे बीस दिवस जानिये, वरत मेरु पकति मानिये।
सात महाना दिन दशमाँहि, सकल वरत इम पूरण थाहि।
शील सहित शुभ व्रत पालिए, हीन उदय विधिके टालिए।
सुरपद पावे संशय नाहीं, अनुक्रम भव लहि शिवपुर जाहीं।
—कि० सि० क्रि

भावार्थ—यह व्रत ७ महीने और १० दिन में पूरा होता है। जिसमें ८० उपवास, २० बेला, और १०० पारणायें होती हैं। इस व्रत को भाद्र[illegible] निज माहसे प्रारम्भ करे। विधि—

१—सुदर्शन मेरु—भद्रशालवन के चैत्यालय ४ के ४ उपवास और ४ पारणाएं। फिर एक बेला और एक पारणा। इस प्रकार उपवास ४, बेला १, पारणा ५ हुए।

	प्रोषध	बेला	पारणा
इसी प्रकार नन्दन वन के	४	१	५
,, सौमनस वन के	४	१	५
,, पाडुक वन के	४	१	५

इसी प्रकार कुल मिलाकर—

	प्रोषध	बेला	पारणा
सुदर्शनमेरु के	१६	४	२०
विजयमेरु के	१६	४	२०
अचलमेरु के	१६	४	२०
मंदिरमेरु के	१६	४	२०
विद्युन्मालामेरु के	१६	४	२०

इस प्रकार पाँचों मेरु के उपवास ८०, बेला २०, पारणा १०० हुए—बेला २० के दिन ४०, कुल दिन २२० हुए।

जाप्य मन्त्र– ओं ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धि अस्सीजिनालयेभ्यो नमः। इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। यदि पृथक् २ करना हो तो निम्न प्रकार करे—

१–ओं ह्रीं सुदर्शनमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो नमः।

२–ओं ह्रीं विजयमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो नमः।

३–ओं ह्रीं अचलमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो नमः।

४–ओं ह्रीं मन्दिरमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो नमः।

५–ओं ह्रीं विद्युन्मालीमेरुसम्बन्धिषोडशजिनालयेभ्यो नमः।

इस प्रकार व्रत पूर्ण कर उद्यापन करे।

६८—अक्षयनिधि व्रत

व्रत अक्षैनिधि को उपवास, श्रावण सुदि दशमी कर तास।
भादों वदि दशमी जब होय, तिनहू के प्रोषध अवलोय॥
और सकल एकांत जु करे, सो दश वर्षहिं पूरी करे।
उद्यापन कर छाँडे ताहि, नातर दूनो करिये आहि॥

भावार्थ—यह व्रत दश वर्ष में पूरा होता है। प्रत्येक वर्ष श्रावण शुक्ल दशमी और भाद्रपद कृष्ण दशमी का उपवास करे। शेष बीच के २८ दिनों में एकाशन करे। इस प्रकार दश वर्ष तक व्रत करे। पश्चात् उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

यह व्रत राजगृही नगरी में राजा मेघनाद ने किया था जिसके प्रभाव से वह पहले स्वर्ग में देव हुआ और वहाँ से चयकर मनुष्य पर्याय प्राप्त कर तप द्वारा कर्मनाश कर मोक्ष प्राप्त किया।

६९—मेघमाला व्रत

चौपाई

बरत मेघमाला तसु नाम, भादव मास करे सुखधाम।
प्रोषध पड़िमा तीन बखान, आठें दुहुँ चोदशि दुहुँ जान॥
सात वास चौबीस एकात, त्रिविध शीलयुत करिये सत।
वरष पाँचलों तसु मरयाद, सुरसुख पावे युत अहलाद॥

—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत पाँच वर्ष में पूरा होता है। यथा—

भाद्रपद कृष्ण १, ८, ४ तथा शुक्ला ८ १४ और असोज कृष्ण १ इन सात तिथियों के प्रतिवर्ष उपवास करे। शेष २४ दिन एकाशन करे। इस प्रकार ५ वर्ष तक करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे। त्रिकाल नमस्कार मन्त्र का जाप्य करे।

यह व्रत कौशाम्बी नगरी में धनागन सेठ और उसकी पद्मश्री सेठानी ने किया था जिसके प्रभाव से वे दोनों जीव स्वर्ग में महर्द्धिक देव हुए और वहाँ से चयकर मनुष्य होकर कर्मनाश कर मोक्ष प्राप्त किया।

७०—सुखकारण व्रत

अडिल्ल छन्द—एकवास एकत एक अनुक्रम करे,
मास चार पक्ष एक इकान्तर इम धरे।

देव शास्त्र गुरु पूज सवें व्रत धर सदा,
नाम तास सुखकरण हरन दुख जिन वदा।
—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत ४ मास और १५ दिन में समाप्त होता है। किस किसी मास की पड़िमा से यह व्रत शुरू करे। पड़िमा का उपवास, दोयज का पारणा, तीज का उपवास, चौथ का पारणा, इस अनुक्रम से ४॥ मास करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

७१—समवशरण व्रत

दोहा—श्वेत किसन चौदश तनी, प्रोषध बीस रु चार।
शील सहित भविजन करें, समोशरण व्रत सार॥
—कि० सिं० कि०

भावार्थ—यह व्रत एक वर्ष में समाप्त होता है। प्रत्येक चतुर्दशी का उपवास करना। चौबीस चतुर्दशी पूर्ण होने पर उद्यापन करे। 'ॐ ह्रीं जगदापद्विनाशाय सकलगुणकरण्डाय श्रीसर्वज्ञाय अर्हत्परमेष्ठिने नमः' इस मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

७२—आकाशपचमी व्रत

भादव सुदि पचमि उपवास, करे व्रत पचमि आकाश।
वरष पाँच मरयादा जास, शील सहित प्रोषध धर तास॥
—कि० सिं० कि०

भावार्थ—यह व्रत पाँच वर्ष में पूरा होता है। प्रतिवर्ष भादपद शुक्ल पचमी को उपवास करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

यह व्रत सोरठ देश के तिलकपुर नगर में भद्रशाह सेठ की पुत्री विशाला ने कि … के प्रसाद से वह चौथे स्वर्ग में मणिभद्र …

का त्व हुआ था, और वहाँ से च्य कर उज्जैन नगर मे प्रियसुंदर राजा के यहाँ सदानन्द नाम का पुत्र हुआ और न्त बतेक काल राज्योचित सुख भोगकर जिन दीक्षा ग्रहण कर कर्मनाश कर मोक्ष को प्राप्त हुआ।

७३—अक्षयफलदशमी व्रत

श्रावण सुदि दशमाको सही, अक्षयदशमि व्रतको जन कही।
प्रोषध करे शील युत सार, तसु मर्याद वरष दश धार॥

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत दस वर्ष में पूर्ण होता है। प्रत्येक वर्ष श्रावण शुक्ल दशमी के दिन उपवास करे। 'ॐ ह्रीं वृषभजिनाय नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

७४—निर्दोषसप्तमी व्रत

भादों सुदि सातें निर्दोष, वरत करे प्रोषध शुभ कोष।
मन वच काय शील व्रत पाल, सात वरष उद्यापन काल॥

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत सात वर्ष में पूर्ण होता है। प्रतवर्ष भाद्रपद शुक्ला सप्तमी को उपवास करे। त्रिकाल नमस्कार मंत्र का जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

यह व्रत पटना नगर के पृथ्वीपाल राजा तथा अर्हद्दास सेठ ने किया था जिसके प्रभाव से स्वर्ग में देव हुए।

७५—चंदनषष्ठी व्रत

भादों वदि छठि दिन उपवास, चंदन षष्ठी व्रत धर तास।
मन वच काय शील व्रत पाल, छ मर्याद वरष छह जास॥

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत छह वर्ष मे पूर्ण होता है। प्रति वर्ष भादों कृष्ण षष्ठी के दिन उपवास करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

यह व्रत उज्जैनी नगरी में जिनदत्त सेठ के पुत्र दृढ़रथचन्द्र तथा उसकी पत्नी चन्दना ने किया था जिसके प्रभाव से स्वर्ग सुख भोगकर मोक्ष प्राप्त किया।

७६—सुगन्धदशमी व्रत

व्रत सुगंध दशमी को जान, भादों सुदि दशमी दिन ठान।
प्रोषध करे वरष दश सही, शील सहित मरयादा गही॥
—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत दश वर्ष में पूर्ण होता है। प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ला दशमी को उपवास करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रतपूर्ण होने पर उद्यापन करे।

यह व्रत मगध देश के वसन्ततिलक नगर में विजयसेन राजा की पुत्री दुर्गन्धा ने किया था जिसके प्रभाव से स्वर्गसुख भोगकर मनुष्य होकर मोक्ष प्राप्त किया।

७७—अनन्तचतुर्दशी व्रत

भादों सुदि चौदशि दिन जान, व्रत अनन्त चौदशि को ठान।
तीर्थंकर चौदहों अनंत, रचे पूज सो जीव महंत॥
प्रोषध करे शीलयुत सार, चौदह वरष लगे निरधार।
उद्यापन विधि कर वह तजे, सो जन स्वर्गादिक सुख भजे॥
—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत चौदह वर्ष में पूर्ण होता है। प्रति वर्ष भाद्रपद शुक्ला चतुर्दशी के दिन उपवास करे। अनन्तनाथ पूजन विधान रचे। 'ओं नमोऽर्हते भगवते अनन्तो अनन्तदर्शनलीय अनन्तकेवलणाणें अनन्तकेवल दर्शणें अणुपूज्जवासयों अनन्त अनन्तागमकेवलि स्वाहा' इस मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। यदि इस मन्त्र का न कर सके तो—'ओं ह्रीं अर्हं हं स अनन्त केवलिने नमः' इस मन्त्र का जाप्य देवे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

विशेष—यह व्रत भाद्रपद शुक्ला ११ से शुरू होता है इसलिये ११, १२, १३ का एकाशन, चौदश का उपवास और पूनम का एकाशन। इस तरह पाँच दिन किया जाता है।

यह व्रत अयोध्या नगरी के पास पद्मखण्ड नामक ग्राम में सोमशर्मा ब्राह्मण तथा उसकी स्त्री सोमा ने किया था जिसके प्रभाव से स्वर्गादिक सुख भोगकर मोक्ष प्राप्त किया।

७८—श्रवणद्वादशी व्रत

भादों सुदि द्वादशि व्रत जान, श्रवण द्वादशी जो अभिराम।
बारह बरष लगे जो करे, शील सहित प्रोषध अनुसरे॥

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत बारह वर्ष में पूर्ण होता है। प्रति वर्ष भाद्रपद शुक्ला द्वादशी के दिन उपवास करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

यह व्रत मालवा प्रान्त के पद्मावतीपुर नगर में नरब्रह्मा राजा तथा उसकी शीलवन्ता नाम की पुत्री और विनयवन्तमा नाम की माता, इन तीनों ने किया था, जिसके प्रभाव से स्वर्गादिक सुख भोगकर तीनों ने मोक्ष प्राप्त किया।

७९—श्वेतपंचमी व्रत

आषाढ़ फाल्गुण कातिक पक्ष, सितपंचमि तें व्रतकों लेह।
पैंसठ प्रोषध करिये ताम, बरष पाच पाच परिमास॥
श्वेतपंचमी को व्रत धार, त्रिविध शुद्ध धारो नरनार।

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत पाँच वर्ष और पाँच महीने में समाप्त होता है। आषाढ़ कार्तिक या फाल्गुन इन तीनों मासों में से किसी एक मास में प्रारम्भ करे। प्रति मास शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन उपवास करे। इस

प्रकार ६५ उपवास पूर्ण होने पर उद्यापन करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

८०—शील व्रत

चाल छन्द—अब सुनहु शीलव्रत सार, जैसो आगम निरधार।
वैशाख सुक्ल छठ लीजे, प्रोषध उपवास करीजे।
अभिनंदन जिनवरमोख, कल्याणक दिन सब पोख।
शुभ शीलव्रत तसु नाम, कर पंच वरष सुखधाम।
—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत पाँच वर्ष में पूर्ण होता है, जिसमें पाँच उपवास होता है। प्रति वर्ष वैशाख शुक्ल छठी के दिन (अभिनन्दन प्रभु का मोक्ष कल्याणक है) उपवास करे 'ॐ ह्रीं अभिनन्दनजिनाय नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

८१—सर्वार्थसिद्धि व्रत

गीतिका छंद—कार्तिक सुक्ल अष्टमि दिवसतें अष्टवास जु कीजिये।
तसु आदि अंत एकन्त दश दिन, शील सहित गणीजिये॥
जिनराज श्रुत गुरु पूज्य उत्सव, सहित नृत्यादिक करें।
सर्वार्थसिद्धि जु नाम व्रत यह, मोक्ष सुख को अनुसरें।
—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत दश दिन में पूर्ण होता है जिसमें आठ उपवास और दो पारणायें होती हैं। यथा—सप्तमी को एकाशन व्रत की प्रतिज्ञा करे। अष्टमी से पूर्णमासी तक ८ उपवास करे और एकम को पारणा करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

८२—तीनचौबीसी व्रत

दोहा—व्रत चौबीसी तीन को, सुक्ल भाद्रपद तीज।
प्रोषध कीने शीलयुत, सुर शिव सुख ...

भावार्थ—यह व्रत भाद्रपद कृष्ण तृतीया के दिन किया जाता है। प्रति वर्ष इस दिन उपवास करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। तीन वर्ष पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

८३—जिनमुखावलोकन व्रत

दोहा—जिन मुख अवलोकन करत, करिये भादों मास।
जिन मुख देखे प्रात उठ, अवर न देखे तास॥
चालछंद-प्रोषध इक मास इकंतर, कांजी जुत करिये निरंतर।
अथवा चन्द्रायण करहूँ, लघु सक्ति एकान्तर धरहूँ।
सख्या धर वस्तु जु केरी, तातैं नहिं अधिको लेई।
यह बात महा सुखदाई, चहुँ गति भव भ्रमण नशाई।
—कि० सिं० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत एक मास में पूरा किया जाता है। भाद्रपद कृष्ण पडिमा से असोज कृष्ण पड़िमा तक प्रतिदिन ब्राह्म मुहूर्त में उठकर (जब किसी का मुँह न देखे) प्रथम ही श्री जिनेन्द्र भगवान् के दर्शन करे। इस प्रकार एक मास करे। त्रिकाल नमस्कार मन्त्र का जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनपर उद्यापन करे।

इस व्रत मे भोजन की विधियाँ पाँच है—

१–उपवास—तीस दिन उपवास करना।

२–कांजिक—पानी के साथ सिर्फ (भात चावल) खाना।

३–चान्द्रायण—पहिले दिन १ ग्रास, दूसरे दिन २ ग्रास, तीसरे दिन ३ ग्रास, इस प्रकार १ १ ग्रास बढाकर १५ ग्रास तक करे। फिर घटाकर से १ १ ग्रास कम कर एक तक कम करे। इसके आदि और अन्त मे उपवास करे।

४–एकाशन—सिर्फ एक ही बार भोजन करे।

५–परिमितवस्तु—भोग्य सामग्रियों का प्रमाण कर उससे अधिक न खाना। इन पाँचों मे से अपने सामर्थ्यानुसार विधि करे।

९०—कर्मनिर्जरा व्रत

सवैया

दर्शन के निमित्त आषाढ़ सुदी चौदश,
श्रावण की चौदशि सुज्ञान काज कीजिये।
भादों सुदि चोदशि को प्रोषध चरित्र केरो,
तपयोग चोदशि असोज सुदि लीजिये।
ये ही चार प्रोषध बरष माहिं विधिसेती
कर्म निर्जरनी व्रत सुन लीजिये।
धनश्रीय सेठ सुता करके सुरपद पायो
अजों भविभाव करनेकों चित्त दीजिये।

—कि० वि० कि०

भावार्थ—यह व्रत आषाढ़ शुक्ला चौदशि से प्रारंभ होता है अर्थात् दर्शन विशुद्धि निमित्त आषाढ शुक्ला चतुर्दशी का उपवास करे। दर्शन विशुद्धि भावना भावे। 'ओं ह्रीं दर्शनविशुद्धये नमः' इस मंत्र का जाप्य करे।

सम्यग्ज्ञान भावना के निमित्त श्रावण शुक्ल चतुर्दशी का उपवास करे। सम्यग्ज्ञान भावना का चिंतवन करे। 'ओं ह्रीं सम्यग्ज्ञानाय नमः' इस मंत्र का जाप्य करे।

सम्यक्चारित्र के निमित्त भाद्रपद शुक्ला १४ को उपवास करे। सम्यक् चारित्र भावना का चिंतवन करे। 'ओं ह्रीं सम्यक्चारित्राय नमः'

८६—रुक्मणी व्रत

सवैया

लक्ष्मीमती के जीवने पूर्वभव माहि व्रत कीनो
यह श्वेत भाद्रपद आठें प्रोषध आदायकें।
दोय याम धारणे और चार उपवास दिन
पूजा रचै दोय याम पारणो बनायकें।
कीनो आठ वरष लों शुद्ध भाव देहि त्याग
अच्युत सुरेश इन्द्राणी पद पायकें।
भइ रुक्मणी कृष्ण वासुदेव पटतिया,
रुक्मणी नाम व्रत जानो चित लायकें।

—कि० सि० कि०

भावार्थ—यह व्रत आठ वर्ष में पूर्ण होता है। प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ला सप्तमी को एकाशन कर व्रत ग्रहण कर। अष्टमी का उपवास, नवमी का पारणा, दशमी का उपवास, एकादश का पारणा, द्वादशी का उपवास, तेरस का पारणा, चतुर्दशी का उपवास और पूर्णमासी को पारणा कर। इस प्रकार प्रतिवर्ष आठ वर्ष तक ४ उपवास ४ पारणा, और १ पारणा करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे। नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप्य कर।

यह व्रत लक्ष्मीमती ब्राह्मणी के जीव ने धारण किया था जिसके प्रभाव से स्वर्गादिके सुख भोगकर कुंडलपुर नगर में राजा भीष्म के यहां रुक्मिणी नाम की पुत्री हुई, जो सौराष्ट्र देश में द्वारावती नगरी के राजा कृष्णचंद्र (वासुदेव) की पट्टरानी हुई, और अंत में अपने पुत्र प्रद्युम्नकुमार के साथ दीक्षा लेकर उत्तम गति को प्राप्त हुई।

६०—कर्मनिर्जरा व्रत

सवैया

दर्शन के निमित्त आषाढ़ सुदी चौदश,
श्रावण की चौदशि सुज्ञान काज कीजिये।
भादों सुदि चौदशि को प्रोषध चरित्र केरो,
तपयोग चौदशि असोज सुदि लीजिये।
ये ही चार प्रोषध बरष माहिं विधिसेती
कर्म निर्जरनी व्रत सुन लाजिये।
धनश्रीय सेठ सुता करके सुरपद पायो
अनों भविभाव करवेकों चित्त दाजिये।

—कि० सि० कि०

भावार्थ—यह व्रत आषाढ शुक्ला चौदश से प्रारंभ होता है अर्थात् दर्शन विशुद्धि निमित्त आषाढ शुक्ला चतुर्दशी का उपवास करे। दर्शन विशुद्धि भावना भावे। 'ओं ह्रीं दर्शनविशुद्धये नमः' इस मंत्र का जाप्य करे।

सम्यग्ज्ञान भावना के निमित्त श्रावण शुक्ल चतुर्दशी का उपवास करे। सम्यग्ज्ञान भावना का चिंतवन करे। 'ओं ह्रीं सम्यग्ज्ञानाय नमः' इस मंत्र का जाप्य करे।

सम्यक्चारित्र के निमित्त भाद्रपद शुक्ला १४ को उपवास करे। सम्यक्चारित्र भावना का चिंतवन करे। 'ओं ह्रीं सम्यक्चारित्राय नमः'

६४—कवलचंद्रायण व्रत

दोहा—वरत कवल चंद्रायणा, बारह मास मझार।
एक महीना में करे, एक बार चित धार॥

चौपाई

करे अमावस को उपवास, पाछे तें इक चढ़ता ग्रास।
पड़िमा दिवस ग्रास इक लीन, दोयज दोय तीज दिन तीन।
चोथ चार पण पाचें सही, छट्टि छह सातें सत लही।
आठें आठ नमी नो टेक, दशमी दश ग्यारसि दश एक।
बारह बारसि तेरस जान, तेरा चौदा चौदशि ठान।
पून्यो दिवस करे उपवास, शुकल पक्ष की यह विधि खास।
कृष्ण पक्ष की पड़िमा जास, लेय अहार सु चौदह ग्रास।
दोयज तेरह बारह तीज, चोथ ग्यार पचमि दश लीज।
षष्ठी नव सातें वसु जान, आठें सात नम छह मान।
दशमी पाच ग्यारसी चार, बारसि तीन तेरसि द्वय धार।
चौदश दिवस ग्रास इक जान, मावस दिन प्रोषध को ठान।
एक मास को व्रत है येह, ग्रास लीजिये तिम सुन येह।
ग्रास लेन को ऐसा करे, मुख में दत न करतें पड़े।
बीच पियो पानी न गहाय, अंतराय गल अटकें थाय।
जिन पूजा विधियुत दिन तीस, करे वंदना गुरु नमि शीश।
शास्त्र बखान सुनो मन लाय धरम कथा में दिवस गमाय।
पाले शील वचन मन काय, इहि विध महापुण्य उपजाय।
यातें सुरपद होवे ठीक, अनुक्रम शिव पाव तहाँ कीच।

—कि० सि० कि०

भावार्थ—यह व्रत एक महीने में समाप्त होता है। यथा—

जिस किसी मास की अमावस्या का उपवास कर शुरू करे फिर एकम का एक ग्रास, दोयज को २ ग्रास, इस प्रकार प्रतिदिन १ १ ग्रास भोजन बढ़ाता हुआ चतुर्दशी को १४ ग्रास लेवे। पूर्णमासी का उपवास करे। फिर कृष्ण पक्ष की पड़िमा को १४ ग्रास, दोयज को तेरह ग्रास, इस प्रकार क्रमानुसार एक एक ग्रास कमाता हुआ चतुर्दशी को एक ग्रास भोजन लेवे। और अमावस्या का उपवास करे। इस प्रकार एक मास में व्रत पूर्ण करे। जो ग्रास लेवे समय कदाचित् हाथ से मुंह से ग्रास गिर पड़े तो अन्तराय माने। व्रत समाप्त होने पर उद्यापन करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप करे।

यह व्रत श्री आदिनाथ स्वामी के पुत्र बाहुबलि स्वामी ने किया था जिसके प्रभाव से केवलज्ञान प्राप्तकर मोक्ष प्राप्त किया। तथा श्री [illegible] स्वामी की पुत्री ब्राह्मी और सुन्दरी ने किया था जिसके प्रभाव से [illegible] छेदकर स्वर्ग में देव हुए, और फिर मनुष्य होकर केवलज्ञान [illegible] मोक्ष प्राप्त किया।

९५—बारह बिजोरा व्रत

बारबिजोरा व्रत हर मास, दोऊ द्वादशि कर [illegible]

—[illegible]

भावार्थ—यह व्रत एक वर्ष में समाप्त होता है [illegible] २४ द्वादशियों के २४ उपवास करे। नमस्कार [illegible] करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

९६—ऐसोनव व्रत

एसो नव व्रत दिन चार स, [illegible]
[illegible] पण प्रोषध जया असी, [illegible]

—[illegible]

भावार्थ—यह व्रत चार सौ पचासी दिन में पूरा होता है, जिसमें ४ ½ उपवास और अस्सी पारणा होते हैं। यथा—

एक उपवास, एक पारणा, दो उपवास, एक पारणा, इस प्रकार ९ उपवास तक बढ़े फिर एक एक उपवास कम करता हुआ १ तक आवे। इस प्रकार ९ बार बढ़ावे और घटावे। एक बार में ४५ उपवास और ९ पारणा होते हैं। कुल नौ आवृत्ति में ४०½ उपवास और ८० पारणा में व्रत पूर्ण होता है। णमोकार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

९७—षोडश व्रत

षोडश व्रत छहसो पचास, सौ जेवा साढ़े पाच सौ घास।
दशलों चढ़े अनुक्रम सोय, जो लों व्रत पूरण नहिं होय॥

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत ६५० दिन में पूरा होता है, जिसमें ५५० उपवास और १०० पारणायें होती हैं। यथा—

किसी किसी मास से प्रारंभ करे। प्रथम दिन एक उपवास एक पारणा, फिर दो उपवास, एक पारणा, तीन उपवास एक पारणा, इस प्रकार एक एक उपवास बढ़ाकर १० उपवास तक बढ़ावे, फिर ९ उपवास एक पारणा, ८ उपवास एक पारणा, इस प्रकार १—१ घटाकर एक तक आवे। इस प्रकार दश आवृत्ति में ५५० उपवास और १०० पारणा होकर व्रत पूर्ण हो जाता है। णमोकार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

९८—कंजिक व्रत

कंजिक व्रत जल भात अहार, चौंसठ दिन पाल निरधार।
यथाशक्ति कछु और न तत, तितने मास वरष पर्यंत।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत एक वर्ष के भीतर ५८ दिन में समाप्त होता है। किसी भी मास के प्रथम दिन से यह व्रत आरंभ करे। चौंसठ दिन तक भिक्षुक आहार अर्थात् पानी और भात लेवे। यदि शक्ति हो तो दूना तिगुना भी कर सकते हैं। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

९९—श्रुतिपंचमी व्रत

श्रुतिपंचमि पढ शास्त्र विशाल, जेठ सुदी पंचमि उपवास।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत जेठ शुक्ला पंचमी के दिन किया जाता है। इस दिन उपवास कर। 'ओं ह्रीं द्वादशांगश्रुतज्ञानाय नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। यह व्रत ५ वर्ष करे। पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

१००—कृष्णपंचमी व्रत

कृष्ण पंचमी व्रत विधि तास, जेठ कृष्ण पंचमि उपवास।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत जेठ कृष्ण पंचमी के दिन किया जाता है। इस दिन उपवास कर। त्रिकाल नमस्कार मंत्र का जाप्य कर। ५ वर्ष बाद उद्यापन करे।

१०१—निःशल्य अष्टमी व्रत

निःशल्य अष्टमी भादों सुदी, प्रोषध कर संथनासन जुदी।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत भाद्रपद शुक्ला अष्टमी को होता है। इस दिन उपवास कर। प्रत्येक प्रहर में अभिषेकपूर्वक पूजन करे। सोलह वर्ष पूर्ण होने पर उद्यापन कर। नमस्कार मंत्र का जाप्य करे।

यह व्रत दक्षिण देश के सुप्रतिष्ठ नगर में सेठ नंद की पुत्री लक्ष्मीमती ने किया था जिसके प्रभाव से स्त्रीलिंग छेद कर मोक्ष प्राप्त किया।

१०२—लक्खणपंक्ति व्रत

लक्खणपंक्ति व्रत चारसो आठ, कर एकान्तर प्रोषध ठाट।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत ४०८ दिन में पूरा होता है, जिसमें २०४ उपवास और २०४ पारणाएँ होती हैं। किसी भी मास से इस व्रत को आरंभ करे। एक उपवास, एक पारणा इस क्रम से करे। त्रिकाल नमस्कार मंत्र का जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

१०३—दुग्धरसी व्रत

दुधरसि व्रत भादोंसुदि धरे, बारसि को पय भोजन करे।

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत भादों शुक्ल द्वादशी के दिन किया जाता है। इस दिन सिर्फ दूध का आहार ले। सारा समय धर्मध्यान में व्यतीत करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। १२ वर्ष पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

१०४—धनदकलश व्रत

श्लोक—भद्रे भाद्रपदे मासे प्रतिपदादिकृत मुदा।
कलशोद्धारण पूतं चंदन स्रक्चर्चितम्॥
मासमेक प्रकुर्वंते शीलमेकाशन तपम्।
विधिना वत्सर पंच उद्यापन विधीयते॥

—कथाकोष

भावार्थ—यह व्रत भाद्रपद कृष्ण १ से शुरू होता है और भाद्रपद शुक्ला पूर्णिमा को समाप्त होता है। प्रति दिन चन्दनादि मंगलद्रव्ययुक्त कलशों द्वारा श्रीमज्जिनेन्द्रदेव का अभिषेक कर पूजन करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। शील, संयम, तप, दान आदि कार्यों में समय व्यतीत करे। पाँच वर्ष पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

१०५—कलीचतुर्दशी व्रत

आषाढ़ी सित चौदश होय, तब तें व्रत यह लीजो सोय।
दोहा—चार मास की चौदशा, शुक्ल पक्ष जब होय।
व्रत कीजे शुभ भाव सों, मुक्ति वधू कों लोय॥

—कथाकोष

भावार्थ—यह व्रत आषाढ़ शुक्ल १४ से प्रारंभ होता है, एवं आषाढ़ श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, इन चार मास की शुक्ला चतुर्दशियों को उपवास करे। नमस्कार मंत्र का जाप्य करे। ४ वर्ष पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

१०६—मोक्षसप्तमी व्रत

श्रावण सुदि सातें दिन आन, प्रोषध शील सहित भवि ठान।
सात वरष मरयादा धार, पीछे उद्यापन कर सार॥

—कथाकोष

भावार्थ—सात वर्ष तक प्रतिवर्ष श्रावण शुक्ला सप्तमी के दिन उपवास करे। ॐ ह्रीं पार्श्वनाथाय नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप करे। व्रत पूरा होने पर उद्यापन करे।

१०७—रोटतीज व्रत

भादों सुदी तीज दिन जान, सब आरम्भ तजे बुधिवान।
तीन वरष प्रोषध चित धार, पीछे उद्यापन कर सार।

—कथाकोष

भावार्थ—यह व्रत तीन वर्ष में समाप्त होता है। प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ला तीज के दिन उपवास करे और अभिषेकपूर्वक त्रैलोक्य जिनालय विधान करे। ॐ ह्रीं त्रिलोकसंबंधि अकृत्रिमजिनचैत्यालयेभ्यो नमः इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। तीन वर्ष बाद उद्यापन करे।

यह व्रत हस्तिनागपुर के राजा विशाखदत्त की रानी विजयसुन्दरी ने किया था जिसके प्रभाव से स्त्रीलिंग छेदकर देव होकर फिर मनुष्य पर्याय प्राप्त कर मोक्ष प्राप्त किया।

१०८—शीलसप्तमी व्रत

भादों सुदि सातैं दिन जान, प्रोषध धरे हरष उर ठान।
सात बरष मरयादा सही, पीछे उद्यापन विधि कही।

—कथाकोष

भावार्थ—सात वर्ष तक प्रतिवर्ष भादों शुक्ल सप्तमी को उपवास करे। त्रिकाल नमस्कार मंत्र का जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

१०९—वीरशासनजयन्ती व्रत

वासस्स पढममासे पढमे पक्खम्मि सावणे बहुले।
पडिवदपुव्वदिवसे तित्थुप्पत्ति अभिजम्हि॥

—धवला प्रथमखण्ड

भावार्थ—श्रावण कृष्ण प्रतिपदा के दिन प्रथम प्रहर में अन्तिम तीर्थंकर महावीर स्वामी की दिव्य ध्वनि प्रकट हुई थी और उसके द्वारा अनन्तानन्त संसारी जीवों का कल्याण हुआ था, अतएव इस पवित्र दिन उपवास करे। श्रीमहावीर स्वामी का अभिषेक पूजन करे। 'ओं ह्रीं श्रीमहावीराय नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

११०—श्रीवीरजयन्ती व्रत

चैत्र शुक्ल तेरस दिन जान, उपजे वीरनाथ भगवान।
सुरपति आय मेरु पधराय, कियो अभिषेक महासुखदाय॥

भावार्थ—चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन कुण्डनपुर नगर में सिद्धार्थ राजा के घर त्रिशला देवी की कूख से श्री महावीर स्वामी ने जन्म लिया। इसी पवित्र दिन सौधर्म इन्द्र ने आकर भगवान् को मेरु पर्वत पर ले जाकर

अभिषेक किया था। इस दिन उपवास करे। धर्मप्रभावना के साथ करे। धर्मध्यान में सारा समय व्यतीत करे।

१११—श्रीआदिनाथजयंती व्रत

चैत्र वदी नवमी दिन जान, उपजे आदिनाथ भगवान।

भावार्थ—चैत्र वदी नवमी के पवित्र दिन में चौदहवें कुलकर श्रीनाभिराजा तथा मरुदेवी रानी की पवित्र कुक्ष से धर्मतीर्थ के प्रवर्तक श्री ऋषभनाथ भगवान् ने अवतार लिया, इस दिन महाअभिषेकपूर्वक पूजन विधान व उपवास करे। शास्त्र-सभा धर्मोपदेश द्वारा धर्म की खूब प्रभावना करे। 'ओं ह्रीं श्रीं वृषभनाथाय नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

११२—श्रीआदिनाथशासनजयंती व्रत

फागुन वदि एकादशि जान, वाणी खिरी आदि भगवान।

भावार्थ—फाल्गुन कृष्ण ११ के दिन श्रीआदिनाथ महात्मा ने घातिया कर्मों का नाश कर केवलज्ञान प्राप्त किया और संसार के प्राणियों के हितार्थ अपनी दिव्य ध्वनि द्वारा इस दिन प्रथम उपदेश दिया, इसलिये इस पवित्र दिन धर्मप्रभावना करे और उपवास करे। 'ओं ह्रीं श्रीं वृषभाय' नमः इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

११३—श्रीआदिनाथनिर्वाणोत्सव व्रत

माघ वदी चोदशि दिन कहो, आदिनाथ प्रभु शिवपुर लहो।

भावार्थ—माघ वदी १४ के पवित्र दिन श्रीआदिनाथ भगवान ने मोक्ष प्राप्त किया था। इस दिन उपवास करे। 'ओं ह्रीं श्रीं वृषभाय नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

११४—नंदसप्तमी व्रत

भादों सुदि सप्तमि दिन जान, प्रोषध चरे सभी

भावार्थ—भादों सुदी सप्तमी के दिन उपवास करें। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। सात वर्ष पूरे होने पर उद्यापन करे।

११५—कांजीवारस व्रत

भादों सुदि द्वादशि के दिना, प्रोषध करे श्री जिनमना।

भावार्थ—भादों सुदी १२ के दिन उपवास करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। बारह वर्ष पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

११६—ऋषिपंचमी व्रत

मास आषाढ़ शुक्ल की सोय, जयहिं पंचमी को दिन होय।
व्रतके दिन छाडो आरंभ, जिन घर भजो तजो सब दंभ॥
पाँच वर्ष अरु मासहि पंच, ये सब व्रत बैसठ सुन सच।
जब यह व्रत पूरो ह्वै लोय, यथाशक्ति उद्यापन होय॥

भावार्थ—यह व्रत ५ वर्ष और ५ महीने में समाप्त होता है। प्रति मास शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन उपवास करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप करे। आषाढ़ शुक्ला पंचमी से यह व्रत शुरू करे। ६५ उपवास पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

यह व्रत हस्तिनापुर में धनपति सेठ की पुत्री कमलश्री ने किया था जिसके प्रभाव से उसका बिछुड़ा हुआ पुत्र पुनः मिल गया था और अन्त में स्वर्ग सुख प्राप्त हुए थे।

११७—त्रिलोकतीज व्रत

भादो सुदि तृतिया दिन जान, त्रिलोक तीज व्रत को ठान।
प्रोषध तीन वर्ष मध करे, पाछे उद्यापन विधि धरे॥

—कथाकोष

भावार्थ—यह व्रत तीन वर्ष में पूर्ण होता है, प्रति वर्ष भाद्रपद शुक्ला ३ के दिन उपवास करे। ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धि अकृत्रिमजिन

चयालयभ्यो नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे, व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

११८—आचारवर्धन (अम्लवर्धन व्रत)

इक से दश लग प्रोषध करे, बिच बिच इक इक पारणा धरे।
फिर दश से इक लग व्रत धार, इक इक बीच पारणा सार।
कुल इक शत उपवास कराय, अरु उन्नीस पारणा थाय।

—सुदृष्टितरंगिणी

भावार्थ—यह व्रत ११६ दिन में पूरा होता है, जिसमें १०० उपवास और उन्नीस पारणा होती हैं। किसी भी मास से व्रत प्रारंभ करे। एक उपवास, एक पारणा, दो उपवास, एक पारणा, इस क्रम से १० उपवास तक करे, फिर एक एक घटाकर एक उपवास तक आवे। इस प्रकार व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

११९—सुदर्शन व्रत

है सम्यक्त्व तीन परकार, क्षय उपसम क्षयोपसम धार।
शंकादिक वसु दोष महान, तीनों के मिल चोविस जान॥
तिनके प्रोषध धर चौविस, करे पारणा तहा चोवीस।
सब दिन अडतालीस सुजान, करे भक्ति सूं व्रत महान॥

—सुदृष्टितरंगिणी

भावार्थ—यह व्रत ४८ दिन में पूर्ण होता है, जिसमें २४ उपवास और चौबीस पारणायें होती हैं। उपशम, क्षय और क्षयोपशम ऐसे सम्यक्त्व तीन प्रकार है, इन तीनों शंकादि ८ दोषों से गुणा करने पर २४ भेद होते हैं। इनके निमित्त एक पारणा, एक उपवास, इस क्रम से २४ उपवास और २४ पारणा करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

१२०—रक्षाबंधन व्रत

चौपाई

श्रावण सुदि पूनो दिन कह्यो, श्रवण नक्षत्र सु तादिन लह्यो।
सूर अकम्पनादि शत सात, विष्णुकुमार हर्यो उत्पात॥
अति पवित्र तादिन को मान, प्रोषध करे हरष हिय ठान।
ताकी याद राखन हेत, सूत बाँधिये हरष समेत॥

भावार्थ—श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के दिन श्रवण नक्षत्र में अकम्पनादि सात सौ मुनियों के ऊपर बलि राजा द्वारा किये गये महान् उपद्रव को श्री विष्णुकुमार मुनि ने विक्रिया ऋद्धि के बल द्वारा दूर किया था, इसी हेतु इस पवित्र दिन को उपवास करे। यथाशक्ति शुद्ध पीला सूत हाथ में बाँधे। विष्णुकुमार पूजन करे। "ॐ ह्रीं विष्णुकुमारमुनिभ्यो नमः" इस मंत्र का जाप्य करे।

१२१—क्षमावणी व्रत

असोज कृष्ण पंचम दिन जान, क्षमा उभय विधि से जन ठान।
पूजन करे महा सुखदाय, प्रोषध कर बहु कर्म नशाय।

भावार्थ—असोज कृष्ण पंचमी के दिन प्रातःकाल उठ श्री जिनेन्द्र भगवान् का अभिषेकपूर्वक पूजन करे। फिर शास्त्र प्रवचन कर अपनी कषायों को शांत कर सहधर्मी जनों से परस्पर में क्षमा-क्षमा कहकर वर्ष के समस्त अपराधों को क्षमा करे और दूसरों से करावे। बाद कुछ फल भेंट करे। इस दिन उपवास करे। सारा दिन रात्रि धर्मध्यान में व्यतीत करे।

१२२—दीपमालिका व्रत

श्लोक—

चतुर्थकालेऽर्धचतुर्थमासैर्विहीनताविश्चतुरब्दशेषके।
स कार्तिके स्वातिषु कृष्णभूत प्रभातसंध्यासमये स्वभावतः॥

ज्वलत्प्रदीपालिकया प्रवृद्धया, सुरासुरैः दीपितया प्रदीप्तया।
तदात्मपावानगरी समन्ततः प्रदीपिताकाशतला प्रकाशते॥
ततस्तु लोकः प्रतिवर्षमादरात् प्रसिद्धदीपालिकयात्र भारते।
समुद्यतः पूजयितुं जिनेश्वरं जिनेन्द्रनिर्वाणविभूतिभक्तिभाक्॥
—हरिवंशपुराण

भावार्थ—चौथे काल में जब तीन वर्ष साढ़े आठ मास बाकी रहे तब कार्तिक मास की अमावस्या के प्रभातकाल स्वाति नक्षत्र में श्री महावीर स्वामी का निर्वाण हुआ, देवों ने आकर यहाँ निर्वाणकल्याणक का उत्सव मनाया, और पावापुरी में दीपदान किया। इस पवित्र दिन की स्मृति में दीपावली भारत में प्रसिद्ध हुई है। इस दिन उपवास करे। श्री महावीर पूजन करे और निर्वाण लाडू चढ़ावे, महान धर्मप्रभावना करे। सायंकाल घर घर में दीप प्रज्वलित करे। ओं ह्रीं श्रीमहावीरस्वामिने नमः। इस मंत्र का जाप्य करें। इसी दिन से वीर निर्वाण संवत् चालू हुआ है।

१२३—चौंतीस अतिशय व्रत

दोहा—अतिशय लख चौंतीस व्रत, तासु तनो कछु भेद।
कथा माहिं सुनिया जिसो, किये होय दुखछेद॥

अडिल्ल—दश दशमी जनमत के अतिशय दश तनी।
फिर दश केवलज्ञान उपज दश भनी।
चौदशि चौदा अतिशय देवाकृत कही,
चार चतुर्थ्य चाय चार ये विध नहीं।
षोडश आठें प्रातिहार्य वसुकी भनी
ज्ञान पाँच की पाँचें पाँच कही तनी।
अरु षष्ठी छह छहा सबै प्रोषध सुनो,
पाँच अधिक गन साठ किये फल बहु सुनो।
—कि० सि० कि

भावार्थ—यह व्रत २ वर्ष ८ महीने और १५ दिन में समाप्त होता है, जिसमें ६५ उपवास आते हैं। यथा—

१—जन्म के दश अतिशयों के दश दशमियों के १० उपवास करे।

२—केवलज्ञान के दश अतिशयों के दश दशमियों के १० उपवास करे।

३—देवकृत चौदह अतिशयों के चौदह चौदशों के १४ उपवास करे।

४—चार अनन्तचतुष्टय के चार चौथों के चार उपवास करे।

५—आठ प्रातिहार्यों के १६ अष्टमियों के १६ उपवास करे।

६—पाँच ज्ञान के पञ्चमियों के पाँच उपवास करे।

७—छह पडवा के छह उपवास करे।

इस प्रकार व्रत पूर्ण कर उद्यापन करे। ओं ह्रीं णमो अरहन्ताणं' मन्त्र का जाप्य करे।

१२४—गणअष्टमी व्रत

दोहा

अष्टमिमध्य त्रिंशत बावन, द्वय सौ अट्ठासी प्रोषध मन।
समकित सहित धरे व्रत जास, करे पारने चौंसठ तास॥

—वर्धमानपुराण

भावार्थ—यह व्रत ३५२ दिन में पूरा होता है, जिसमें दो सौ अट्ठासी उपवास और चौंसठ पारणा होते हैं। व्रत पूरा होने पर उद्यापन करे और नमस्कार मन्त्र का त्रिकाल जाप करे।

१२५—तीर्थंकरबेला व्रत

दोहा—ऋषभ आदि तीर्थेश के, बेला बीस रु चार।
आठें चौदशि कीजिए, अंतर मूल न पार॥

चौपाई

सातें आठें बेलो ठान, नौमी दिवस पारणों जान।
तेरस चौदश द्वय उपवास, मावस पून्यो भोजन तास।

वर्ष हजार एक प्रति एक, बेला चौंसठ धर सुविवेक।
करे आयु लघु जानो जबै, शील सहित भवि धारो तबै।
लगते कारण शक्ति को नाहिं, आठैं चौदश कर शक नाहिं।
इनमें अंतर पाड़े नहीं, सो उत्कृष्ट लेह सुख सही।

—कि० सिं० कि०

भावार्थ—यह व्रत १६ महीने में समाप्त होता है जिसमें ६४ बेला और ६४ पारणा होते हैं। प्रति माह प्रत्येक सप्तमी अष्टमी तथा त्रयोदशी, चतुर्दशी के बेला, नवमी और पूर्णिमा के पारणा करे। यदि शक्ति विशेष हो तो एक बेला एक पारणा इस क्रम में एक हजार वर्ष तक करे।

व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे और नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

विदेह क्षेत्र के पुष्कलावती देश में वीतशोकापुरी नाम की नगरी है, उसमें महापद्म नाम के चक्रवर्ती थे। उनकी वनमाला नाम की एक रानी थी, भवदत्त ब्राह्मण का जीव जो तीसरे स्वर्ग में देव हुआ था, वहाँ से चयकर इस रानी के गर्भ में आया, और शिवकुमार नाम का पुत्र हुआ, इसने यह व्रत किया जिसके प्रभाव से छठवें स्वर्ग में इन्द्र हुआ, और वहाँ से आकर मगध देश की राजगृही नगरी में अर्हद्दास सेठ की जिनमती सेठानी के गर्भ से जम्बूस्वामी उत्पन्न हुए और लौकिक सुखों को तिलांजलि देकर दीक्षा धर कर्म नाश कर विपुलाचल पर्वत से मोक्ष प्राप्त किया।

१७७—मौन व्रत

चौपाई

मौन व्रत भवि विधि सुन लेय, नित्य नैमित्तिक द्वय विधि होय।
नित्य मौन जीवन पर्यन्त, सप्तकाय में ढील न रन्च॥
भोजन वमन और स्नान, मैथुन अरु मल मोचन जान।
जिन पूजन सामायिक हेत, मौन सप्तविध नित्य भजेत॥

अब सुन नैमित्तिक विधि जान, एक वर्ष में पूरण मान।
पौष शुक्ल की एकादशी, षोडश प्रहर वास कर सती॥
एकादशी सु द्वादश मास, बीस चार करिये उपवास।
एक वर्ष पूरण जब होय, उद्यापन विधिवत कर सोय॥
उद्यापन की शक्ति न होय, तो दूनो व्रत करिये सोय।
मौन व्रत कथा के माहिं, लखिये विधी विशेष तहाँहिं॥

—मौनव्रतकथा

भावार्थ—यह व्रत दो प्रकार से किया जाता है। यथा—

१—*नित्यमौन*—भोजन, वमन, स्नान, मैथुन, मलक्षेपण, सामायिक, और जिनपूजन, इन सात कार्यों में जीवन पर्यन्त मौन रखना।

२—*नैमित्तिकमौन*—यह व्रत एक वर्ष में पूरा होता है। पौष शुक्ला एकादशी से प्रारम्भ होता है। प्रत्येक मास की प्रत्येक एकादशियों के दिन १६ प्रहर का उपवास करे। २४ उपवास पूर्ण होनेपर उद्यापन करे। उद्यापन की शक्ति न हो तो दूना व्रत करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे।

यह व्रत कौशल देश के कूट नामक ग्राम में कुणबी की कन्या तुङ्गभद्रा ने किया था, जिसके प्रभाव से वह कौशल देश में यमुना नदी के किनारे कौशाम्बी नगरी में हरिवाहन राजा के यहाँ सुकोशल नाम का पुत्र हुआ और संसार से विरक्त होकर जिनदीक्षा ग्रहण की, ऐसे पितापुत्र विहार करते हुये किसी वन में आ पहुँचे, और वहाँ भी उनके भंडारी मतिसागर का जीव जो सिंह हुआ था वह आ पहुँचा सो पूर्व वैर के कारण उन दोनों योगीश्वरों के शरीर को विदारणा शुरू किया। वे दोनों मुनिराज ध्यान में तल्लीन होकर कर्मों का नाश कर अन्त कृतकेवली होकर मोक्ष गये।

१२८—विमानपंक्ति व्रत

दोहा—व्रत विमान पंकति तनो, विधि सुनिये भवि सार।
मन वच क्रम करिये सदा, सुर सुरेश पद धार॥

अडिल्ल—सौधम ए ईशान सुरग जुग तें गही।
पंच पचोत्तर लगे पटल त्रेसट कही॥
तिनकी चहुँ दिशि माहिं सुश्रेणी जहाँ।
जन भवन हैं अनक अकृत्तम ही तहाँ॥

दोहा—तिनके नाम विधान को, वरतय हैं लख सार।
जहाँ जहाँ जते पटल, सो सुनिय विस्तार॥

चौपाई

द्वय सुरगन इकतीस विख्यात, सनत्कुमार माहेन्द्रहिं सात।
चार ब्रह्म ब्रह्मोत्तर सही, लातव कापिष्ठहिं द्वय सही॥
एक शुक्र महाशुक्रहिं धार, एक सतारहिं अरु सहस्रार।
आनत प्राणत आरण तीन, अच्युत लग छह पटल प्रवीण॥
नव नव ग्रैवेयक जानिये, नव नवोत्तर इक मानिये।
पंच पचोत्तर पटल जु एक, ये त्रेसट मुनि धर सु विवेक॥
अबै वरत प्रोषध विधि जिसी, कथा प्रमाण कहूँ सुन तिसी।
एक पटल प्रतिप्रोषध चार, करे इकातर चित अरु धार॥
प्रोषध लगते तेलो एक, कर भविजन मन धर सु विवेक।
ता पीछे प्रोषध चहुँ जान, तिनके पीछे वेलो ठान॥
चहुँ प्रोषध चहुँ वेलो वास, छह चहुँ अनसन पुन छह वास।
इहि विधि त्रेसट वार विधान, चहुँ प्रोषध छह अनुक्रम ठान॥
त्रेसट वार जु पूरण थाय, इक लगतो तेलो करवाय।
बीच इकातर असन जु करं, एक भुक्ति अंतर नहिं परं॥
इनके तेला अरु उपवास, अनशन दिवस रु तेलो जास।
अरु सब दिन इकठे कर जोड़, सो सुन लो भवि चित धर कोड़॥

छह सौ दिवस सतान वेजान, वरप दिवस मरयाद वखान।
वास इकोतर द्वयसे जान, अर सव वास जोड इम ठान॥
वास इक्यासी पर सय तीन, असन तीन सौ सोला कीन।
यह व्रत तान भवन में सार, विधियुत कियें देव पद धार॥
अनुक्रम शिर जेंहें तहँकीक, अव वारह भवि चित धर ठीक।

—कि० वि० कि०

भावार्थ—यह व्रत ६६७ दिन में पूरा होता है जिसमें १ तेला, ६४ बेला और ४५२ उपवास आते हैं। जिनसे कुल उपवास ३८१ होते हैं। तथा पारणा १—६३—२५८ मिलकर ३१६ होते हैं। स्वर्गों के पटल ६३ तथा उनके चारों तरफ श्रेणीबद्ध अनेक चैत्यालय हैं। उनकी भावना भानी चाहिये। व्रतारम्भ समय पहिले १ तेला करे, फिर एक पारणा कर व्रत आरंभ करे।

१—प्रथम स्वर्ग के प्रथम पटल का बेला १, पारणा १, फिर इसके चारों दिशाओं में श्रेणीबद्ध अनेक चैत्यालय उन सम्बन्धी चार दिशा के उपवास ४, पारणा ४। इस प्रकार एक पटल सम्बन्धी बेला १, उपवास ४, पारणा ५ हुवे। इस क्रम से ६३ पटल के बेला ६३, उपवास २५२, पारणा ३१५ होते हैं। इसमें व्रतारम्भ का तेला १, पारणा १, जोड़ने से उपवास कुल ३८१, पारणा ३१६ हुए। इस प्रकार व्रत पूर्ण करे। 'ऊँ ह्रीं ऊर्ध्वलोकसम्बन्धिअसंख्यातजिनचैत्यालयेभ्यो नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

१२६—वारह तप व्रत

चौपाई

वारह व्रततनी विधि जिसी, वारह भाँति वखानी तिसी।
प्रोषध कीजे वारह भात, अरु वारह करिये एकान्त।
वारह[१] काजी तंदुल लेय, निगोरसे[२] गोरस तज देय

अल्प अहार असन इक भाग, लेंहि करहिं छ्यपट माग।
इकठाना भोजन जल सवे, ले पुरपाय वार इक तवे।
मूग मोठ चोला अरु चना, लेय इकोन थीन ततखिना।
पानी लूण थका जो खाय, नयडनाम ताको कहवाय।
घृतहिं छाडिये सब परकार, सो जानो लूको आहार।
विविध पात्र साधर्मी जान, ताहि अहार देय विधि जान।
ले मुखशोध निरन्तर थाय, पाछें व्रत धर असन लहाय।
अंतराय हुये उपवास, करे नाम मुख शोध्यो तास।
घर रे लोक बलाय रहेइ, बिन याचे भोजन जल देइ।
धरे थाल माहीं जो खाय, फिर याचे न अयाचा खाय।
लूण सवथा त्यागे यदा, भाँति अलूणा कीर्ह तदा।
जिनपूजा सुन शास्त्र वखान, एकग्रेह को कर परमाण।
जाय उडड तास के वार, भोजन लेहु कहे नर नार।
ठाम असन जल को जो गहे, वरत मान निरमान जु कहे।
बारह बरत भाँति दश दोय, अनुक्रम इयतपच्च भविलोय।
समकित सहित जु व्रत को धरे, त्रिविध शुद्ध शीलहिं आचरे।
करहु पूरण वर्ष मझार, सो सुरपद पावे नर नार।

—कि० सिं० कि०

भावार्थ—यह व्रत एक वर्ष के भीतर १६४ दिन में पूरा होता है। शुक्लपक्ष की जिस किसी तिथि से शुरू किया जाता है। प्रथम बारह उपवास करे। २ बारह एकाशन करे। ३ बारह कांजिक भोजन करे। ४ बारह निगोरसे (बिना गोरस) भोजन करे। ५ बारह अल्प आहार करे। ६ बारह एक लठाना करे। ७ बारह मूंग के आहार करे। ८ फिर १२ मोठ के आहार करे। ९ बारह चोला के आहार करे। १० बारह चना का आहार करे। ११ बारह मात्र पानी का आहार करे। १२ बारह बिना घृत के आहार करे। अंतराय टालकर भोजन करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

१३०—नंदीश्वरपंक्ति व्रत

दोहा—

नंदीश्वर पंकति विरत, सुनहु भविक चित लाय।
किये पुण्य अति ऊपजे, भव आताप मिटाय॥

चौपाई

प्रथमहि चार इकांतर बीस, कर पीछे बेला इकतीस।
ता पीछे जु इकान्तर करे, द्वादश प्रोषध विधियुत धरे।
पुन बेलो करिये हित जान, बारा बास इकान्तर ठान।
पीछे इक बेलो कीजिये, इक अंतर दश द्वय लीजिये।
फिर इक बेलो कर उर प्रेम, वसु उपवास इकांतर नेम।
सब उपवास आठ चालीश तिन बेलो चहु गहे गरीश।
दधिमुख रति करके उपवास, अंजनगिरि चहुँ बेला तास।
दिवस एकसो आठ मझार, वरत यही पूरणता धार।
छप्पन प्रोषध भवि मन आन, करे पारणा बावन जान।
लगते करे न अंतर पड़े, अघ अनेक भव संचित हरे।

—कि० सि० क्रि०

यह व्रत १०८ दिन में पूरा होता है, जिसमें ५६ उपवास और ५२ पारणा होते हैं। यथा—

पूर्वदिशि–अंजनगिरिका बेला १, ताके उपवास २, पारणा १, दधिमुख के उपवास ४, पारणा ४। रतिकर के उपवास ८, पारणा ८। इस प्रकार पूर्व दिशि के उपवास १४, पारणा १४। इसी प्रकार दक्षिण के, पश्चिम के और उत्तर के करे। नन्दीश्वर की भावना भावे।

'ओं ह्रीं नन्दीश्वर द्वीपे द्वापञ्चाशज्जिनालयेभ्यो नमः' इस मन्त्रका त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

१३१—परमेष्ठिगुण व्रत

दोहा—कहूं पच परमेष्ठि के, जे जे गुण सगराश।
छयालीस वसु तास छह, अरु पचिस अठवीस ॥

चौपाई

वसु छयालिश गुण श्रीअरहत, दश अतिशय जनमत है सत।
केवलज्ञान भये दश थाय, दुहु की बीस दशैं करवाय।
प्रातिहार्य की आठैं आठ, चोथ चतुष्टय चहु ये पाठ।
सुरकृत अतिशय चौदह जास, चौदा चादशि गणिये तास।
अब सुनिये वसु सिद्धन भेद, करिय वास आठ सुनि लेद।
समकित दूजो णाण वखान, दसण चौथो नीरज ज्ञान।
सुहमच्छटो अवगाहन सही, अगुर लघु सतम गुण सही।
अवाबाध आठमो धरे, इन आठों की आठें करे।
आचारज गुण जेह छत्तीस, तिनकी विधि सुनिये निशदीश।
बारसिवारा तप दश दोय, पड्‌आवश्यक की छट छह होय।
पाचें पाच पाच आचार, दशलक्षण दश दशमी धार।
तीन तीन तिहु गुप्ति जु तना, प्रोषध यह छहतीसहि भनो।
गुण पचिस उवज्झाय सुजान, चादह पूरब कह्यो वखान।
ग्यारा अग प्रकाशें धीर, ये पचास गुण लखिये वीर।
चोदा चौदशि के उपवास, ग्यारा ग्यारसि प्रोषध तास।
उपाध्याय के गुण हू जिते, वास पचीस वखाने तिते।
साधु अट्ठाइस गुण जानिये, तिहिं प्रोषध इहि विधि ठानिये।
पच महाव्रत समितिजु पच, इन्द्रिय विजय पाँचगण सच।
इनकी पद्रह पाचें करे, आवश्यक की छह छट करे।
भूमिशयन मज्जनको त्याग, वसन त्यजन कचलोंच विराज।
भोजन करे एक ही वार, ठाढो होय सो लेय अहार।
करे नहीं दातुन की बात, इन साता की पड़िमा सात।

सब मिल प्रोषध ये अठवीस, करहें भवि हुइ शिव इश।
पंच परम गुरु गुण सब जोड, सौ पर तेंतालिस कुल जोड।
करिये प्रोषध तिनके भव्य, सुरपद के सुखदायक सब्य।
अनुक्रम शिव पावे तहँ लोक, जिनवर भाष्यो है भवि ठोक।
—क्रि० मि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत २८८ दिन में पूरा होता है जिसमें १४३ उपवास और १४३ पारणा होते हैं। यथा—

१—अरहन्त के ४६ गुण के ४ उपवास और ४६ पारणा—
जन्म के १० अतिशयों के दश दशमियों के उपवास और १० पारणा।
केवलज्ञान के अतिशयों के दश दशमियों के उपवास और १० पारणा।
आठ प्रातिहार्य के आठ अष्टमियों के आठ उपवास और ८ पारणा।
चार अनंतचतुष्टय के चार चतुर्थियों के चार उपवास और ४ पारणा।
उपरोक्त चौदह अतिशयों के १४ चतुर्दशियों के १४ उ० १४ पा०।

२—सिद्धों के ८ गुणों के ८ उपवास, ८ पारणा—
आठ गुणों के आठ अष्टमियों के आठ उपवास, आठ पारणा।

३—आचार्यों के ३६ गुण के ३६ उपवास, ३६ पारणा—
बारह तप के १२ द्वादशियों के १२ उपवास, और १२ पारणा।
छह आवश्यक की छह षष्ठियों के ६ उपवास और ६ पारणा।
पंचाचारों के पाँच पंचमियों के पाँच उपवास और पाँच पारणा।
दशलक्षण के दश दशमियों के १० उपवास और १० पारणा।
तीन गुप्तियों के तीन तीजों के तीन उपवास और तीन पारणा।

४—उपाध्याय के २५ गुण के ५ उपवास, २ पारणा—
प्रथम १४ के १४ चतुर्दशियों के १४ उपवास और १४ पारणा।
अंग ११ के ११ एकादशियों के ११ उपवास और ११ पारणा।

५—सब साधु के २८ गुणों के २८ उपवास, २८ पारणा—
पाँच महाव्रत के पाँच पंचमियों के ५ उपवास और ५ पारणा।

पाँच समितियों के पाँच पडिमाओं के ५ उपवास और ५ पारणा।
पाँच इन्द्रियजय के पाँच पडिमाओं के ५ उपवास और ५ पारणा।
छह आवश्यक के छह पडिमा के छह उपवास और छह पारणा।
सात सात गुणों के सात पडिमा के सात उपवास और सात पारणा।
इस प्रकार व्रत पूरा करे। नमस्कार मंत्र का त्रिकाल जाप करे। पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

१३२—श्रुतज्ञान व्रत

चौपाई

श्रुतज्ञान व्रत कह्यो महान, आगम विधि जिमि कही बखान।
पडिमा मतिज्ञान अठवीस, ग्यारह ग्यारसि अंग प्रतीक।
दोयज दोय परिक्रम सोय, सूत्र अठासी अष्टमि होय।
नौमी एक योग प्रथमान, चौदशि चौदह पूर्व बखान।
पंच चूलिका पंचमि पाँच, अवधि ज्ञान छह षष्ठी वास।
दोय चौथ मन पर्यय ज्ञान, दशमी एक सु केवलज्ञान।
एक शतक अट्ठावन वास, करे पारने इतने तास।
मास उनासी पूरण होय, कर उद्यापन विधिवत सोय।

—सुदृष्टितरंगिणी

भावार्थ—यह व्रत उन्यासी मास में पूरा होता है, जिसमें अट्ठावन उपवास और एक सौ अट्ठावन पारणा होते हैं। यथा—

१—मतिज्ञान के २८ पडिमा के २८ उपवास और २८ पारणा करे।
२—ग्यारह अंग के ११ ग्यारसों के ११ उपवास और ११ पारणा करे।
३—परिक्रम के दो दोयज के २ उपवास और २ पारणा करे।
४—अगामी सूत्र के ८८ अष्टमियों के ८८ उपवास और ८८ पारणा करे।
५—प्रथमानुयोग का एक नवमी का १ उपवास और १ पारणा करे।

६—चौदह पूर्व के १४ चतुर्दशियों के १४ उपवास और १४ पारणा करे।
७—पाँच चूलका के ५ पंचमियों के ५ उपवास और ५ पारणा करे।
८—अवधिज्ञान के ६ पडिवा के ६ उपवास और ६ पारणा करे।
९—मन पर्ययज्ञान के २ चौथियों के २ उपवास और २ पारणा करे।
१०—केवलज्ञान के १ दशमी का १ उपवास और १ पारणा करे।

इस प्रकार व्रत पूरा कर उद्यापन करे। 'ॐ ह्रीं श्रुतज्ञानाय नमः' इस मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे।

१३३—कर्मक्षय व्रत

चौपाई

कर्म क्षयण व्रत विधि इम जान, कही जिनागम मांहि प्रमाण।
प्रकृति एक सौ अड़तालीस, तिन नाशन व्रत यह जगदीश।
सात चतुर्थी के उपवास, प्रोषध तीन सप्तमी तास।
चौदशि केर पिच्यासी सोय, शत अडतालिस प्रोषध होय।
इहि विधि पूरण है व्रत जबै, उद्यापन कर छाँडे तबै।
—सुदृष्टितरंगिणी

भावार्थ—यह व्रत ७४ मास में पूर्ण होता है, जिसमें १४८ उपवास और १४८ पारणा होते हैं। यथा—

१—सात प्रकृति नाशनार्थ सात चतुर्थियों के सात उपवास, ७ पारणा।
२—तीन प्रकृति नाशनार्थ तीन सप्तमी के ३ उपवास, ३ पारणा।
३—छत्तीस प्रकृति नाशनार्थ छत्तीस नवमियों के ३६ उपवास, ३६ पारणा
४—एक प्रकृति नाशनार्थ एक दशमी का एक उपवास, एक पारणा।
५—सोलह प्रकृति नाशनार्थ बारह द्वादशियों के १२ उपवास, १२ पारणा।
६—पचासी प्रकृति नाशनार्थ ८५ चौदशि के ८५ उपवास, ८५ पारणा।

इस प्रकार व्रत पूरा कर उद्यापन करे। 'ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं' इस मन्त्र का त्रिक

१३४—गरुडपचमी व्रत

श्रावण सुदि पचमि के दिना, गरुड़ पचमी व्रत जिन भना।
—जैनव्रतकथा

भावार्थ—यह व्रत ५ वर्ष में समाप्त होता है, प्रत्येक वर्ष श्रावण शुक्ला ५ के दिन उपवास करे। 'ॐ ह्रीं अर्हद्भ्यो नमः' इस मत्र का जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

यह व्रत चारित्रमती ने किया था जिसके प्रभाव से पिता की मूर्च्छा दूर की थी और अन्त में मोक्ष प्राप्त किया था।

१३५— षष्ठी व्रत

षष्ठी श्रावण शुक्ल महान, षष्ठी व्रत धर अति सुख ठान।
—जैनव्रतकथा

भावार्थ—यह व्रत ६ वर्ष में पूर्ण होता है। प्रतिवर्ष श्रावण शुक्ला षष्ठी के दिन उपवास करे। 'ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथाय नमः' इस मन्त्र का जाप्य करे। पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

यह व्रत मालव देश के चिंच नामक ग्राम में एकनागगौड़ की पुत्री चारित्रमती ने किया था, जिसके प्रभाव से नदी में शत्रु द्वारा नहाया हुआ पुन पुन प्राप्त हो गया था, और यह चारित्रमती जिनदीक्षा लेकर स्वर्ग में देव हुई और वहाँ से चयकर जिनदीक्षा ग्रहण कर कर्मनाश कर मोक्ष प्राप्त किया।

१३६—द्वादशी व्रत

भादों शुक्ल द्वादशी होय, व्रत द्वादशी कर भवि सोय।
—जैनव्रतकथा

भावार्थ—यह व्रत १२ वर्ष में पूर्ण होता है। प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ला द्वादशी के दिन उपवास करे। 'ॐ ह्रीं अर्हद्भ्यो नमः' इस मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

यह व्रत मालवा देश के पद्मावतीपुर नामक ग्राम में नरब्रह्म राजा की पुत्री शीलावती ने पालन किया था जिसके प्रसाद से स्वर्गादि सुख भोग मोक्ष प्राप्त किया था।

१३७—बेला व्रत

आदि अन्त एकासन करे, बीच दोय उपवास जु धरे।

—हरिवंशपुराण

भावार्थ—प्रथम एक एकाशन, फिर दो उपवास, पीछे एक एकाशन करना।

१३८—षष्टमबेला व्रत

प्रथम एकाशन बेला एक, पाछे एकासन इक टेक।
छह बेला भोजन का त्याग, षष्टम बेला व्रत यह भाग॥

—हरिवंशपुराण

भावार्थ—प्रथम धारणे के दिन आदि में एकाशन, फिर दो उपवास, फिर पारणा के दिन अन्त भाग में एकाशन इस प्रकार छह बेला भोजन का त्याग करना।

१३९—तेला व्रत

त्रय उपवास बीच में ठान, धारणे पारणे एकलठान।

—हरिवंशपुराण

भावार्थ—पहले और अन्त में एकाशन और बीच में तीन उपवास करना।

१४०—अष्टमी व्रत

अष्टम्यामुपवासोऽय, विधत्ते भावपूर्वकम्।
हत्वा कर्माष्टकं सोऽपि, याति मोक्षपदं ध्रुवम्॥

भावार्थ—यह व्रत प्रत्येक मास की प्रत्येक अष्टमी के दिन किया जाता है। इस दिन उपवास करे। 'ओं ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्धाधिपतये नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। आठ वर्ष बाद उद्यापन करे।

१४१—चतुर्दशी व्रत

करहु व्रत चौदश उपवास, पूजा करो जिनेश्वर पास।
मास दिवस महिं दो-दो बार, कृष्ण सुकल महिं भेद न पार।
मास आषाढ सुकल व्रत लाजे, तेरस दिन इक भुक्ति सु कीजे।
चौदश वास करो मन लाय पून्यो पारणा कीने राय।
चौदह वर्ष करो व्रत सार, पीछे उद्यापन कर सार।

—चतुर्दशीव्रतकथा

भावार्थ—यह व्रत आषाढ शुक्ला १४ से शुरू होता है। प्रत्येक मास की प्रत्येक चतुर्दशी के दिन एकाशन करे। चतुर्दशी को उपवास और पून्यो को पारणा करे। 'ओं ह्रीं अनन्तनाथाय नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। १४ वर्ष बाद उद्यापन करे।

यह व्रत सुजानी नाम की सेठानी ने किया था जिसके प्रभाव से स्वर्ग तिर्यंच के सुख भोगकर मोक्ष प्राप्त किया।

१४२—निर्वाणकल्याणक वेला व्रत

जे जे तीर्थंकर निर्वाण, गये तास दिन की तिथि ठान।
तिहि दिन को पहलो उपवास लगतो दूजो वास प्रकाश।
इहि विधि बारह मास मझार, वेला करिये बीस र चार।
वेला कल्याणक निर्वाण, व्रत नाम लिखिये बुधिमान।

—कि० सि० क्रि०

भावार्थ—यह व्रत ७२ दिनमें पूरा होता है। जिसमें २४ वेला और २४ पारणा होते हैं। यथा—

तीर्थंकर सं०	निर्वाण तिथियाँ	व्रत तिथियाँ	पारणा तिथियाँ
१	माघ कृष्णा १४	८–३०	१
२	चैत्र शुक्ला ५	५–६	७
३	चैत्र शुक्ला ६	६–७	८
४	वैशाख शुक्ला ६	६–७	८
५	चैत्र शुक्ला ११	११–१२	१३
६	फाल्गुन कृष्णा ४	४–५	६
७	फाल्गुन कृष्णा ७	७–८	९
८	फाल्गुन कृष्णा ८	८–९	१०
९	भाद्रपद शुक्ला ८	८–९	१०
१०	आश्विन शुक्ला ८	८–९	०
११	श्रावण शुक्ला १५	१५–१	
१२	भाद्रपद शुक्ला १४	१४–१५	
१३	आषाढ़ कृष्णा ८	८–९	१०
१४	चैत्र कृष्णा ३०	३०–१	२
१५	ज्येष्ठ कृष्णा १४	१४–२०	१
१६	ज्येष्ठ कृष्णा १४	१४–२०	१
१७	वैशाख शुक्ला १	१–२	२
१८	चैत्र कृष्णा २०	०–१	२
१९	फाल्गुन शुक्ला ५	५–६	७
२०	फाल्गुन कृष्णा १२	१२–१४	१४
२१	वैशाख कृष्णा १४	१४–३०	१
२२	आषाढ़ शुक्ला ७	७–८	९
२३	श्रावण शुक्ला ७	७–८	९
२४	कार्तिक कृष्णा २०	३०–१	२

इस प्रकार व्रत समाप्त करे। निर्वाणकल्याणक की भावना भावे 'ओं ह्रीं वृषभादिचतुर्विंशतितिर्थंकरेभ्यो नमः' इस मन्त्र का त्रिकाल जाप्य करे व्रत पूर्ण होनेपर उद्यापन करे।

१४३—लघुपंचकल्याणक व्रत

गर्भ जन्म तप ज्ञान शिव, तीर्थंकर चौबीस।
वरष माहिं तिथि मध्य की, करे एक सौ बीस॥
—कि० सि० कि०

भावार्थ—यह व्रत एक वर्ष में पूरा होता है। जिसमें १२० उपवास और १२० पारणा होते हैं। जिस जिस तिथि में तीर्थंकर का कल्याणक हुआ हो उस उस तिथि में उपवास करे। 'ओं ह्रीं वृषभादिचतुर्विंशति तीर्थंकराय नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप करे।

१४४—बृहत्पंचकल्याणक व्रत

चौपाई

प्रथम वरष श्री गर्भ कल्याण, वरष दूसरी जनमन जान।
तप कल्याणक वर्षहिं तीन, चौथो वरष सु केवल लाह॥
वरष पांचवों श्री निर्वाण, चाविस चौबिस प्रोषध ठान।
वरष पांच मरयादा धार, पीछे उद्यापन कर सार॥
—कि० सि० कि०

भावार्थ—यह व्रत पाँच वर्ष में पूरा किया जाता है। प्रथम वर्ष में चौबीस तीर्थंकरों की गर्भ की तिथियों के २४ उपवास करे। इसी प्रकार द्वितीय वर्ष में जन्म के २४। तृतीय वर्ष में तप के २४। चौथे वर्ष में ज्ञान के २४ और पांचवें वर्ष में निर्वाण के २४ उपवास करे। 'ओं ह्रीं वृषभादिवीरान्तेभ्यो नमः' इस मंत्र का त्रिकाल जाप्य करे। व्रत पूर्ण होने पर उद्यापन करे।

पंच कल्याणक तिथि चक्र

तीर्थंकर संख्या	गर्भ कल्याणक	जन्म कल्याणक	तप कल्याणक	ज्ञान कल्याणक	निर्वाण कल्याणक
१	आ कृ २	चै कृ ९	चै कृ ९	फा कृ ११	माघ कृ १४
२	ज्ये कृ ३०	पौ शु १०	पौ शु ९	पौ शु ११	चै शु ५
३	फा शु ८	माग शु १५	माग शु १५	का कृ ८	चै शु ६
४	चै शु ६	पौ शु १०	पौ शु १२	पौ शु १४	चै शु ६
५	आ शु २	वै कृ १०	वै शु ६	च शु ११	चै शु ११
६	माघ कृ ६	का कृ १३	मग कृ १०	चै शु १५	फा कृ ८
७	भाद्र शु ६	ज्ये शु १२	ज्ये शु १२	फा कृ ६	फा कृ ७
८	चै कृ ५	पौ कृ ११	पौ कृ ११	फा कृ ७	फा कृ ८
९	फा कृ ९	मग शु ९	मग शु १	का शु २	भाद्र शु ८
१०	चै कृ ८	पौ कृ १२	पौ कृ १२	पौ कृ १४	आश्वि शु ८
११	ज्ये कृ ६	फा कृ ११	फा शु ११	माघ कृ २०	श्रा शु १५
१२	आषा कृ ६	फा कृ १४	फा कृ १४	माघ शु २	भाद्र शु १४
१३	ज्ये कृ १०	पौ शु ४	पौ शु ८	माघ शु ६	आषा कृ ८
१४	कार्ति कृ १	ज्ये कृ १२	ज्ये कृ १२	चै कृ २०	चै

तीर्थंकर संख्या	गर्भ कल्याण	जन्म क	तप क	ज्ञान क	निर्वाण क
१५	वै शु १३	पा शु १	पौ शु १३	पौ शु १५	ज्ये शु ४
१६	भाद्र कृ ७	ज्ये कृ १४	ज्ये कृ १४	पौ शु ११	ज्ये कृ १४
१७	श्रा कृ १०	वै शु १	वै शु १	चै शु ३	वै शु १
१८	फा शु ३	मग शु १४	मग शु १०	का शु १२	चै कृ ३०
१९	चै शु १	मग शु ११	मग शु ११	मग शु ११	फा शु ५
२०	श्रा कृ २	वै कृ १०	वै कृ १०	वै कृ ९	फा कृ १२
२१	असो कृ २	आषा कृ १०	आषा कृ १०	मग शु ११	वै कृ १४
२२	का शु ६	श्रा शु ६	श्रा शु ६	असो शु १	आषा शु ७
२३	वै कृ २	पौ कृ ११	पौ कृ ११	चै कृ ४	श्रा शु ७
२४	आषा शु ६	चै शु १३	वै शु १३	वै शु ७	का कृ ३०

नवल साह कृत 'वर्धमानपुराण' में निम्नलिखित २० व्रत और कह गये है जो बीस पथ, श्वेताम्बर तथा ढूँढिया आदि सम्प्रदायों में प्रचलित जान पड़ते है, और जो कि तेरह पथ सम्प्रदाय के प्राय प्रतिकूल है, उन व्रतों को भी यहाँ संग्रह किया जाता है।—

१—पचपोरिया व्रत

भादों सुदि पाँचें दिन जान, घर पचीस बाँटे पकवान।

२—चन्दनषष्ठी व्रत

चदनषष्ठी भादा शुक्ल, चदन चर्चित भोजन मुक्त।

३—कौमारसप्तमी व्रत

भादों सुदि सप्तमी के दिना, खजरी मण्डप पूजे जिना।

४—मनचिती अष्टमी व्रत

भादों सुदि आठें दिन जान, मन चिन्ते भोजन परवान।

५—सुगधदशमी व्रत

अब सुगध दशमा व्रत जान, भादा सुदि दशमा को मान।

६—दशमिनिमानी व्रत

भादों सुदि दशमी व्रत धार, आदर युत परघर आहार।

७—सौभाग्यदशमी व्रत

भादों सुदि दशमी दिन ठान, दश सुहागिना भोजन

८—चमकदशमी व्रत

चमक दशमि और चमकाय, जो भाजन नहि तो व्रतराय।

९—छहारदशमी व्रत

छहार दशमि व्रत इहि परकार, दश सुपात्र को देय अहार।

१०—तमोरदशमी व्रत

तम्बोल दशमि व्रत को यह थोर, दश सुपात्र को दय तमोर।

११—पानदशमी व्रत

पान दशमि बीरा दश पान, दश श्रावक दे भाजन दान।

१२—फूलदशमी व्रत

फूल दशमि दश फूलन माल, दश सुपात्र पहिनाय अहार।

१३—फलदशमी व्रत

फल दशमी फल दश कर लेय, दश श्रावक के घर घर देय।

१४—दीपदशमी व्रत

दीप दशमि दश दीप बनाय, जिनहिं चढ़ाय आहार कराय।

१५—धूपदशमी व्रत

धूप दशमि व्रत धूप दशाग, खेवो जिन ढिग भाव अभग।

१६—भावदशमी व्रत

भाव दशमि व्रत दश दश पुरी, दश श्रावक दे भोजन करी।

१७—न्योनदशमी व्रत

न्योन दशमि दश दशमि कराय, नये नये दश पात्र जिमाय।

१८—उडडदशमी व्रत

दशमि उडड उडड अहार, पच घरन मिलि जो अधिकार।

१९—बारादशमी व्रत

बारा दशमि सुहारी लेय, बारा बारा दश घर देय।

२०—भडार दशमी व्रत

भडार दशमि व्रत शक्ति ज पाय,दश जिन भवन भडार चढाय।

सूतक-प्रमाण

जैन धर्म के आप ग्र थो म कहीं भी सूतक और पातक व्यवहारी जीवों को मानने का उल्लेख नहा मिलता। यह प्रथा जैनेतर समाज से दखा दखी जैन समाज मे भी प्रचलित हो गइ है।

शोर म सूतक मात्र जननेवाली स्त्री को ही होता है, क्योंकि उसकी योनिस्थान से जनने के बाद भी अशुद्ध खून निकलता रहता है। किसी किसी स्त्री का तो ४५ दिन तक रहता है इसलिए मात्र उस प्रसूता स्त्री को ही ४५ दिन का सूतक होता है, अन्य जनों को नहीं (प्रसूता को छोड़ और पति आदि को नहा होता)

मरणसूतक—किसी भी व्यक्ति का मरण हो, मरण के पश्चात् अन्तमुहूर्त उपरान्त उस शरीर मे सम्मूच्छिम जीव पैदा हो जाते हैं। अत जब उस मृतक शरीर को जलाया जाता है उसके साथ वे अगणित जीव जल जाते हैं। इसलिए उन जीवों के जल जाने का पातक मात्र अग्नि लगानेवाले पुरुषों को ही होता है, अन्य को नहा। उनको भी तब तक जब तक राख न उठाई जाय और दान, पूजन स्नानादि द्वारा शुद्धि न हो जाय।

१—भरत चक्रवर्ती के पुत्र और आदिनाथ को केवलज्ञान एक साथ हुआ, भरत चक्रवर्ती ने प्रथम ही समवशरण मे जाकर पूजा की।

—आदिपुराण

२—सुकमाल का जन्म होते ही सबसे पहिले सुभद्रा सेठानी ने मदिर मे जाकर भगवान् की पूजा की।

—सुकमाल चरित

३—कृष्णनारायण के जब प्रद्युम्नकुमार का जन्म हुआ तब श्रीकृष्ण जी ने मन्दिरजी में पूजन कराया। —प्रद्युम्नचरित

४—भगवान् का जन्म कल्याणक के बाद इन्द्र की आज्ञा से भगवान् के पिता ने अपने बान्धवों के साथ जिनमन्दिर में अभिषेकपूर्वक महापूजा की। —मल्लिपुराण

इत्यादि जैन शास्त्रों में अनेक उल्लेख हैं। जैन शास्त्रों के अनुसार सूतक उक्त प्रकार होता है। परन्तु व्यवहार में सूतक का रूप जिस प्रकार से प्रचलित है वह इस प्रकार से है। —सद्धावमार्तण्ड से उद्धृत

रज मासिसूतक

प्राकृतं जायते स्त्रीणां मासे मासे स्वभावतः।
पंचाशद्वर्षादूर्ध्वं तु अकाल इति भाषितं ॥

भावार्थ—स्त्रियों का स्वभाव से हर महीने महीने रजस्राव होता है वह प्राकृतिक रज है। दश वर्ष के भीतर और ५० वर्ष के ऊपर जो रजस्राव होता है वह अकाल रज है, वह दूषित नहीं है।

शुद्धा भर्तुश्चतुर्थेऽह्नि, भोजने रंधनेऽपि वा।
देवपूजा गुरूपास्ति होमसेवा तु पंचमे ॥

भावार्थ—रजस्वला स्त्री चौथे दिन स्नान करने पर पतिसेवा और भोजनपान बनाने के योग्य हो जाता है। परन्तु देवपूजा, गुरूपासना और हवन सेवा योग्य पाँचवें दिन ही होती है।

अकालिक ऋतुदोष

ऋतुकाले व्यतीते तु यदि नारी रजस्वला।
तत्र स्नानेन शुद्धिः स्यादष्टादशदिनात्पुरा ॥

भावार्थ—ऋतुकाल के बीत जाने पर अठारह दिन के पहले यदि कोई स्त्री रजस्वला हो जाय तो वह स्नानमात्र से शुद्ध हो जाती है।

सूतक

जातक मृतक चेति सूतक द्विविध स्मृतम् ।
स्राव पात प्रसूतिश्च त्रिविध जातकस्य च ॥

भावार्थ—सूतक दो प्रकार का है—१ जातक, २ मृतक। इनमें जातक सूतक तीन प्रकार का होता है—१ स्राव, २ पात, ३ प्रसूति।

स्राव, पात और प्रसूति

मासत्रये चतुर्थे स गर्भस्य स्राव उच्यते ।
पात स्यात् पंचमे षष्ठे प्रसूति सप्तमादिषु ॥

भावार्थ—गर्भाधान के बाद तीन या चार महीने में जो गर्भ च्युत हो उसे स्राव कहते हैं। पाँचवें और छठवें मास में जो गर्भ च्युत हो उसे पात कहते हैं। और सातवें से नवम मासतक जो गर्भ च्युत हो उसे प्रसूति कहते हैं।

स्रावसूतक

मासंसख्या दिन मातु स्रावे सूतकमिष्यते ।
स्नानेनैव तु शुद्धयन्ति सगोत्रश्चैव वै पिता ॥

भावार्थ—जितने महीना का स्राव हो उतने दिन का सूतक माता को होता है। और सगोत्री बन्धु तथा पिता स्नान मात्र से शुद्ध हो जाते हैं।

गर्भपातसूतक

पाते मातुर्यथामास तावदेव दिन भवेत् ।
सूतक तु सपिण्डाना पितुश्चैकदिन भवेत् ॥

भावार्थ—जितने महीना का पात हो उतने ही दिन का सूतक माता को होता है, तथा सगोत्री भाई, बन्धु तथा पिता के लिए एक दिन मात्र का होता है।

प्रसूतिसूतकम्

प्रसूतौ चैव निर्दोषं दशाहं सूतकं भवेत्।
त्रिपक्षे शुद्ध्यते सूती प्रसूतिस्थानमासकम् ॥

भावार्थ—निर्दोष प्रसूति में बालकोत्पत्तिका सूतक दश दिन का होता है। प्रसूता स्त्री डेढ़ मास में शुद्ध होती है। और प्रसूति स्थान १ महीने में शुद्ध होता है।

अनिरीक्षण और अनधिकार सूतक

तदा पुत्रसवे मातुर्दशाहमनिरीक्षणम्।
अथ विंशतिरात्रं स्यादनधिकारलक्षणम् ॥
स्त्रीसूतौ तु त्रयं स्यादनिरीक्षणलक्षणम्।
पश्चादनधिकाराघं स्यात्त्रिंशद्दिवसं भवेत् ॥

भावार्थ—पुत्रजन्म में प्रसूता स्त्री को दश दिन का अनिरीक्षण सूतक होता है। पश्चात् २० दिन का अनधिकार सूतक होता है। और पुत्रीजन्म में माता को १० दिन का अनिरीक्षण सूतक होता है और ३० दिन का अनधिकार सूतक होता है।

जनने ऽप्येवमेवाघं मात्रादीनां तु सूतकम्।
आसन्ने दश रात्रिं स्याद् पञ्चाहं च चतुर्थके ॥
पञ्चमे पञ्च षट् त्र्यहं, सप्तमे च दिनत्रयम्।
अष्टमे च अहोरात्रिं, नवमे च प्रहरद्वयम् ॥
दशमे स्नानमात्रं स्यात् एतद् नासन्नसूतकम्।
आतुरतायास्समासन्ना अनासन्नास्ततः परे ॥

